संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -48 मंगलवार ,19 दिसम्बर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## संसद सुरक्षा मामले को लेकर सदन की बड़ी कार्रवाई

# एक दिन में दोनों सदन के 78 सांसद सस्पेंड

### संख्या हुई 90 के पार

**नई दिल्ली,18 दिसम्बर 2023 (ए)।** राज्यसभा और लोकसभा में आज कुल 67 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। लोकसभा में हंगामे पर आसन ने सख्त कार्रवाई करते हुए 33 सांसदों को निलंबित कर दिया जबकि राज्यसभा में सभापति ने 34 विपक्षी सांसदों को सस्पेंड कर दिया।

लोकसभा में विपक्षी सांसदों के तख्तियां दिखाने को लेकर ये कार्रवाई की है। निलंबित सांसदों में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी भी शामिल हैं। इसके अलावा राज्यसभा में कांग्रेस के जयराम रमेश को भी निलंबित कर दिया गया है।



आसन ने सभी सांसदों को शीतकालीन सत्र के बचे हुए कार्यदिवस के लिए निलंबित कर दिया गया है। लोकसभा में केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने की मांग रखी। इसके बाद आसन ने इन सदस्यों को सस्पेंड कर दिया।

लोकसभा में गत शुक्रवार को 14 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया था। इस प्रकार राज्यसभा और लोकसभा मिलाकर कुल 81 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया जा चुका है।सांसदों को निलंबित करने के बाद लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

गौरतलब है कि स्पीकर ओम बिरला ने सभी सदस्यों से सदन में प्लेकार्ड यानी तख्तियां नहीं लाने का आग्रह किया था। लेकिन संसद की सुरक्षा में चूक के मामले पर विपक्षी सांसद लगातार तख्तियां आसन के सामने दिखा रहे थे। यही नहीं, लोकसभा में विपक्षी सांसद अब्दुल खालिक, विजय वसंत और के जयकुमार के मामले को प्रिवलेज कमिटी को भेज दिया गया है।

### किस पार्टी से कितने सांसद निलंबित?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लोकसभा से अधीर रंजन चौधरी समेत कांग्रेस के 11 सांसदों को निलंबित किया गया है। इनके साथ ही तृणमूल कांग्रेस के 9, डीएमके के 9 और 4 अन्य दलों के सांसदों को मिलाकर कुल 33 सांसदों को निलंबित किया। दूसरी ओर, राज्यसभा ने 45 सांसदों को निलंबित कर दिया, जिनमें से 34 को शीतकालीन सत्र के शेष समय के लिए निलंबित कर दिया गया। वहीं, 11 को विशेषाधिकार समिति द्वारा उनके बारे में रिपोर्ट सौंपने तक निलंबित कर दिया गया, क्योंकि उन्होंने लगातार नारे लगाए और तख्तियां लहराईं। 14 दिसंबर को 13 हुए थे निलंबित आपको बता दें कि इससे पहले 14 दिसंबर को लोकसभा से 13 सांसद निलंबित किए गए थे। इसके अलावा राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन को निलंबित किया गया। इस हिसाब से 92 सांसदों को निलंबित किया गया है। यह अपने आप में एक इतिहास बना है।

### विपक्ष हुआ लाल

सरकार की कार्रवाई के बाद विपक्ष लाल है। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि सरकार का काम है सदन चलाना। हमें निलंबित करके आवाज दबाई जा रही है। वहीं, कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि सरकार हमारी आवाज दबाना चाहती है।

उन्होंने कहा कि सरकार गृह मंत्री अमित शाह को बचाना चाहती है। चौधरी ने कहा कि हम पिछले दो दिन से अपने पहले निलंबित किए गए सांसदों का निलंबन खत्म करने की मांग कर रहे थे। हम संसद में सुरक्षा चूक पर बहस की मांग कर रहे थे।

## शराब घोटाला मामले को लेकर सीएम केजरीवाल को ईडी ने फिर भेजा नोटिस

### 21 दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया

**नई दिल्ली,18 दिसम्बर 2023 (ए)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर से ईडी ने समन भेजा है। दिल्ली शराब नीति घोटाले में अरविंद केजरीवाल ईडी की रडार पर हैं और उनसे पूछताछ करने के लिए ईडी पहले भी समन भेज चुकी है। समन के बाद भी केजरीवाल ईडी के सामने उपस्थित नहीं हुए थे। ईडी ने केजरीवाल को 21 दिसंबर को जांच अधिकारी के सामने पेश होने के लिए कहा है। 2 नवंबर को भी ईडी ने केजरीवाल को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वो जांच अधिकारी के सामने पेश नहीं हुए थे।



शराब घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी के कई बड़े नेता सलाखों के पीछे हैं। इन नेताओं में दिल्ली के डिप्टी सीएम रह चुके मनीष सिसोदिया के साथ-साथ पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। इन दोनों नेताओं को कोर्ट से भी राहत नहीं मिल पाई है। इस मामले में अब तक 22 से अधिक गिरफ्तारियां हो चुकी हैं जबकि 3 आरोपी सरकार गवाह बन चुके हैं।

दिल्ली में पिछले साल यानी 2022 के जुलाई महीने में शराब घोटाला उजागर हुआ था। दिल्ली की नई आबकारी नीति में यह घोटाला उस समय सामने आया जब दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी नरेश कुमार ने अपनी जांच रिपोर्ट उपराज्यपाल वीके सक्सेना को सौंपी थी। चीफ सेक्रेटरी की रिपोर्ट के बाद उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश की। जांच शुरू होते ही घोटाले की परतें खुलनी शुरू हो गई। सीबीआई के साथ-साथ जांच में ईडी की भी एंट्री हो गई और वो मनी लॉन्ड्रिंग की जांच करने लगी। माना जा रहा है कि ईडी इस मामले में कुछ और गिरफ्तारियां भी कर सकती है। हालांकि,यह देखना हो कि ईडी की ओर से दोबारा नोटिस भेजे जाने के बाद अरविंद केजरीवाल जांच एजेंसी के सामने पेश होते हैं या नहीं।

## राजस्थान में उपमुख्यमंत्री के पदों को बताया असंवैधानिक:हाईकोर्ट में दी चुनौती

**जयपुर,18 दिसम्बर 2023 (ए)।** राजस्थान में उपमुख्यमंत्री के पद को लेकर क़ानूनी लड़ाई छिड़ गई है। इस पद पर डॉ. प्रेम चंद बैरवा और दीया कुमारी के शपथ लेने को असंवैधानिक बताते हुए हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर चुनौती दी गई है।

### अधिवक्ता ने दायर की याचिका

बीते 15 दिसंबर को जयपुर में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के साथ ही उपमुख्यमंत्री पद पर डॉ प्रेम चंद बैरवा और दीया कुमारी ने शपथ ली। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी समेत कई केंद्रीय मंत्री और राज्यों के मुख्यमंत्री भी शरीक हुए।

शपथ ग्रहण के अगले ही दिन सोलह तारीख़ को एडवोकेट ओम प्रकाश सोलंकी ने उपमुख्यमंत्री पद को असंवैधानिक बताते हुए इसके ख़िलाफ़ कोर्ट में याचिका दायर की है। फिलहाल इस मामले में सुनवाई के लिए तारीख़ तय नहीं हुई है।

याचिका दायर करने वाले एडवोकेट ओम प्रकाश सोलंकी ने मीडिया को बताया है कि, ÷मैंने सोलह दिसंबर को राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर बेंच में जनहित याचिका प्रस्तुत की है। राजस्थान सरकार में उप मुख्यमंत्री पद पर नियुक्त किए गए दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा के उप मुख्यमंत्री पद को चुनौती दी गई है।



### संविधान में नहीं है इस पद का उल्लेख

एडवोकेट सोलंकी ने बताया कि, उपमुख्यमंत्री पद का संविधान में कहीं कोई उल्लेख नहीं है। यह केवल मात्र राजनीतिक पद है, जो कि असंवैधानिक है।

### कांग्रेसियों ने भी उठाया सवाल

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी उपमुख्यमंत्री पद पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने शपथ ग्रहण से एक दिन पूर्व ही सोशल मीडिया साइट एक्स (ट्विटर) पर लिखा, शपथ ग्रहण समारोह के सरकारी निमंत्रण पत्र में मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण का विवरण लिखा गया है। जबकि, संविधान के अनुच्छेद 163 और 164 में ऐसे किसी पद की शपथ का विवरण नहीं है। बीजेपी सरकार में नियुक्त उपमुख्यमंत्री पद का मामला हाईकोर्ट पहुंचने पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव और प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी कहते हैं, ÷याचिका दायर हो गई है और न्यायालय के सामने यह मामला पेंडिंग है। संविधान में इसके क्या प्रावधान हैं शीघ्र ही न्यायालय से इसकी व्याख्या सामने आएगी।÷ इस पूरे मामले पर फिलहाल तक बीजेपी की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## जमानत के मामले शीघ्रता से निपटाने उच्च अदालतों से कहा सुप्रीम कोर्ट ने

» छग के एक मामले की चल रही थी सुनवाई

» सुको ने कहा जमानत के मामले लोगों की स्वतंत्रता से संबंधित

**नई दिल्ली,18 दिसम्बर 2023 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने सभी उच्च न्यायालयों से जमानत और अग्रिम जमानत की अर्जियों को शीघ्रता से सूचीबद्ध करने और उनका निपटारा सुनिश्चित करने को कहा है, क्योंकि यह व्यक्तियों की स्वतंत्रता से संबंधित है।

धोखाधड़ी और जालसाजी के एक मामले पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सी टी रवि कुमार और संजय कुमार की पीठ ने एक हालिया आदेश में कहा, ''इस अदालत ने व्यवस्था दी है और दोहराया है कि अग्रिम जमानत अर्जियों, जमानत अर्जियों पर निर्णय स्वतंत्रता से संबंधित हैं। इसलिए, शीघ्रता से सुनवाई कर इसका निपटारा किया जाए।



### बेवजह फैसले टालने की आलोचना

पीठ ने कहा कि 2022 में शीर्ष अदालत ने यही दृष्टिकोण दोहराया था और जमानत अर्जियों को स्वीकार करने और उसके बाद उन पर अनावश्यक रूप से फैसले टालने की प्रवृत्ति की आलोचना की थी।

पीठ ने 11 दिसंबर के अपने आदेश में कहा, ''विभिन्न अदालतों में उक्त स्थिति की पुनरावृत्ति के मद्देनजर, रजिस्ट्री इस आदेश की एक प्रति रजिस्ट्रार जनरल और सभी उच्च न्यायालयों के सभी संबंधित पक्षों को भेजेगी ताकि जल्द से जल्द जमानत अर्जियों, अग्रिम जमानत अर्जियों को सूचीबद्ध किया जा सके।''

### सीजी हाई कोर्ट से जुड़े मामले में की सुनवाई

धोखाधड़ी और जालसाजी के एक मामले पर सुनवाई करते हुए पीठ ने कहा कि मौजूदा मामले से इस मुद्दे पर इस न्यायालय की बार-बार की घोषणाओं के बावजूद ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति का पता चलता है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के एक आदेश के बाद यह मामला शीर्ष अदालत पहुंचा।

पीठ ने कहा कि छह दिसंबर, 2023 को इस मामले को उच्च न्यायालय की एक पीठ ने विचार के लिए सूचीबद्ध किया था और याचिकाकर्ता को सुनने के बाद इसे स्वीकार कर लिया गया था और केस डायरी मांगी गई थी।

पीठ ने कहा,''आदेश से पता चलता है कि मामले को विशेष रूप से किसी भी तारीख पर सूचीबद्ध नहीं किया गया। आदेश दिया गया था कि मामले को उसके कालक्रम में सूचीबद्ध किया जाए। ऐसे में मामले को आगे विचार के लिए अदालत के समक्ष कब रखा जाएगा, यह एक अनुमान के अलावा और कुछ नहीं है।''

पीठ ने कहा,''हमें यह मानने में कोई झिझक नहीं है कि इस तरह का आदेश अग्रिम जमानत, नियमित जमानत से संबंधित मामले में निश्चितता के बिना, वह भी मामले को स्वीकार करने के बाद, निश्चित रूप से अर्जी पर विचार करने में देरी करेगा और किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए ऐसी स्थिति हानिकारक होगी।

शीर्ष अदालत ने कहा कि वह ऐसे पहलुओं को ध्यान में रख रही है जिस पर इस न्यायालय ने कहा था कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता से संबंधित मामलों पर जल्द से जल्द सुनवाई और निर्णय लिया जाएगा। पीठ ने कहा, ''यह चिंता की बात है कि बार-बार आदेश देने के बावजूद वही स्थिति बनी हुई है।''

शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय की एकल न्यायाधीश पीठ से लंबित अग्रिम जमानत अर्जियों को कानून के अनुसार, शीघ्रता से और मुख्यत÷ उच्चतम न्यायालय के आदेश की प्राप्ति से चार सप्ताह की अवधि के भीतर निपटारा करने को कहा।

## ISIS नेटवर्क केस में 4 राज्यों में NIA की रेड,8 एजेंट गिरफ्तार

### कर्नाटक,झारखंड,महाराष्ट्र और दिल्ली में 19 लोकेशंस पर छापेमारी

**नई दिल्ली,18 दिसम्बर 2023 (ए)।** एंटी-टेरर एजेंसी NIA ने सोमवार (18 दिसंबर) सुबह चार राज्यों की 19 लोकेशन पर छापेमारी की। ये रेड ISIS नेटवर्क केस के तहत की गई। इन 19 लोकेशन में कर्नाटक की 11, झारखंड की 4, महाराष्ट्र की 3 और दिल्ली की एक लोकेशन शामिल है। इस दौरान प्रतिबंधित ISIS के 8 एजेंट्स को गिरफ्तार किया गया। ये एजेंट आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली एक्टीविटीज और आतंकवाद को बढ़ावा देने में शामिल हैं।



गिरफ्तार किए गए लोगों में बेल्लारी के मिनाज उर्फ मोहम्मद सुलेमान सैयद समीर, मुंबई से अनस इकबाल शेख, बेंगलुरु से मोहम्मद मुनीरुद्दीन, सैयद समीउल्लाह उर्फ सामी,मोहम्मद मुजम्मिल, दिल्ली से शायान रहमान उर्फ हुसैन; और जमशेदपुर से मोहम्मद शाहबाज उर्फ जुल्फिकार उर्फ गुड्डु शामिल हैं। ये सभी मिनाज उर्फ मोहम्मद सुलेमान के नेतृत्व में काम कर रहे थे। बीते हफ्ते NIA ने महाराष्ट्र की 43 लोकेशन पर रेड डालकर 15 लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार किया गया एक आरोपी ISIS मॉड्यूल का लीडर था और इस मॉड्यूल में नए लोगों को भर्ती करने का काम करता था। उसका नाम साकिब नचान बताया जा रहा है। इस रेड के दौरान NIA ने बड़ी मात्रा में कैश, हथियार, नुकीले औजार, संवेदनशील डॉक्युमेंट्स और कई डिजिटल डिवाइस मिले थे। NIA अधिकारियों के मुताबिक, गिरफ्तार किया गया आरोपी विदेशी हैंडलर्स के निर्देश पर काम कर रहा था और देश में कई आतंकी गतिविधियों में शामिल रहा था।

### 9 दिसंबर NIA ने ISIS से जुड़े नेटवर्क को ढूंढा था

नेशनल इंटेलिजेंस एजेंसी (NIA) ने 9 दिसंबर को महाराष्ट्र के 43 और कर्नाटक के एक ठिकाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा ठाणे रूरल 31 जगहों, पुणे में दो, ठाणे सिटी में 9, भायंदर में एक जगह पर रेड की।

जांच एजेंसी के सूत्रों के मुताबिक, NIA ने ISIS से जुड़े एक नेटवर्क को ढूंढ निकाला था, जो भारत में ढ्ढस्ढ्ढस् की विचारधारा को फैलाने की कोशिश कर रहे थे। इस पूरे नेटवर्क को विदेश में बैठे हैंडलर्स चला रहे थे। इन लोगों ने ठाणे के पड्घा गांव को फ्री जोन घोषित करके अल शाम का नाम दिया था। ये अरबी का शब्द है, जिसे अल दौलतुल इस्लामिया फिल इराक वल शाम के शॉर्ट फॉर्म के रूप में इस्तेमाल करते हैं। इसे ग्रेटर सीरिया के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

### ISIS मॉड्यूल केस में पुणे से पके गए थे 7 आरोपी

ISIS मॉड्यूल केस में NIA ने पुणे में पहले भी कार्रवाई की थी। यहां से सात लोगों को पकड़ा गया था। 6 नवंबर को इन 7 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। 12 नवंबर को खुलासा हुआ था कि सातों आरोपी काफी पढ़े-लिखे थे।

ये लोग नामी कंपनियों में काम करते थे और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (IED) बनाने के लिए कोडवर्ड में बात करते थे। NIA ने कोर्ट में 4 हजार पेज की चार्जशीट दायर की है।

इसके अलावा आरोपी IED बनाने के लिए आसानी से मिलने वाली चीजें जैसे वाशिंग मशीन टाइमर, थर्मामीटर, स्पीकर वायर, 12 वॉट का बल्ब, 9 वॉट की बैटरी, फिल्टर पेपर, माचिस की तीलियां और बेकिंग सोडा का भी इस्तेमाल करते थे।

आरोपियों ने आतंकी हमलों को अंजाम देने के लिए महाराष्ट्र, गोवा, केरल और कर्नाटक में रेकी की थी। उन्होंने फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के लिए एक ड्रोन का भी इस्तेमाल किया, जिसे एजेंसी ने जब्त कर लिया है।

## राष्ट्रपति दक्षिण भारत के प्रवास के लिए हैदराबाद पहुंचीं

**हैदराबाद 18 दिसम्बर 2023 ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच दिवसीय दक्षिण भारतीय प्रवास के लिए सोमवार को हैदराबाद पहुंचीं। तेलंगाना की राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन,मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, उप मुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क और मंत्री सीताक्का तथा श्रीधरबाबू ने बेगमपेट हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। मुख्य सचिव शांति कुमारी, पुलिस महानिदेशक रवि गुप्ता और अन्य अधिकारी भी अगवानी में उपस्थित थे। बाद में राष्ट्रपति सिकंदराबाद के बोलारम स्थित आधिकारिक राष्ट्रपति निलयम के लिए रवाना हो गईं। वह 23 दिसंबर तक यहीं रहेंगी। प्रवास के दौरान वह विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी।



वह 19 दिसंबर को हैदराबाद पब्लिक स्कूल के शताब्दी समारोह में भाग लेंगी, 20 दिसंबर को यदाद्रि भुवनगिरी जिले के पोचमपल्ली में कपड़ा मंत्रालय द्वारा आयोजित हथकरघा और कताई इकाई के साथ-साथ थीम मंडप का दौरा करेंगी। इस अवसर पर वह बुनकरों से बातचीत भी करेंगी। उसी शाम, राष्ट्रपति एमएनआर एजुकेशनल ट्रस्ट के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेंगी। अगले दिन वह राष्ट्रपति निलयम में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगी। 22 दिसंबर को राष्ट्रपति राज्य के गणमान्य व्यक्तियों, प्रमुख नागरिकों, शिक्षाविदों आदि के लिए राष्ट्रपति निलयम में एक एट होम रिसेप्शन की मेजबानी करेंगी।

## कर्नाटक निर्वस्त्रीकरण मामला

## एनएचआरसी के डीआईजी पहुंचे बेलगावी

**बेंगलुरु,18 दिसम्बर 2023 (ए)।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के डीआइजी सुनील कुमार मीणा सोमवार को कर्नाटक के बेलगावी शहर में 42 वर्षीय दलित महिला को निर्वस्त्र करने, उसके साथ मारपीट करने और उसे निर्वस्त्र घुमाने की वंटामुरी घटना की जांच करने पहुंचे।



मीना बेलगावी शहर के सर्किट हाउस में घटना के बारे में प्रारंभिक जानकारी जुटाएंगे और बाद में बेलगावी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (बीआईएमएस) अस्पताल में पीड़ित से मिलेंगे।

रविवार रात को मामला क्षेत्राधिकार वाले काकाथी पुलिस स्टेशन से आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) को स्थानांतरित किए जाने के बाद, एक महिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) के नेतृत्व में राज्य विशेष विंग के जांचकर्ता भी पीड़िता और गांव का दौरा कर रहे हैं। टीम पीड़िता से मुलाकात करेगी और गांव में प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज कर सकती है। पुलिस इस मामले में पहले ही 11 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है और एक मुख्य आरोपी को पकड़ा जाना बाकी है। राज्य भाजपा ने घटना की निंदा करते हुए राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। राज्य भाजपा के सूत्रों ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय जनतांत्रिक समावेशी गठबंधन (इंडिया) गठबंधन सहयोगियों को निशाना बनाने के लिए यह मुद्दा सोमवार को संसद में उठाए जाने की संभावना है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने घटना की जांच के लिए पार्टी सांसदों और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव की पांच सदस्यीय तथ्यान्वेषी समिति का गठन किया था। टीम ने बेलगावी का दौरा किया और पार्टी को रिपोर्ट सौंपी।

कांग्रेस सरकार ने पीड़िता के लिए 5 लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की है, जबकि बेलगावी जिला कानूनी प्राधिकरण उसे 50,000 रुपये देगा। यह घटना 10 दिसंबर को तब हुई, जब वंतमुरी गांव की रहने वाली पीड़िता को घर से बाहर खींच लिया गया और नग्न कर दिया गया। उसके बेटे के गांव की एक लड़की के साथ भाग जाने के बाद उसे नग्न कर बिजली के खंभे से बांध कर घुमाया गया और उसके साथ मारपीट की गई। लड़की के परिजनों ने लड़के की मां पर जमकर उत्पात मचाया। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने घटना को रोकने में पुलिस विभाग की विफलता के लिए कांग्रेस सरकार की कड़ी आलोचना की। मुख्य न्यायाधीश पी.बी. वराले और न्यायमूर्ति कृष्ण एस. दीक्षित की अध्यक्षता वाली पीठ ने टिप्पणी की थी, अन्य महिलाओं में क्या डर होगा? वह देश में असुरक्षित महसूस करेंगी। ऐसा महाभारत में भी नहीं हुआ था। द्रौपदी के पास भगवान कृष्ण थे, जो उसकी मदद के लिए आगे आए लेकिन आधुनिक दुनिया में कोई भी उसकी मदद के लिए नहीं आया। दुर्भाग्य से यह दुर्योधन और दुशासन की दुनिया है।

## पोन्नम ने कार्यभार संभाला,375 करोड़ रुपये जारी किए

» पारंपरिक पूजा अनुष्ठान करने के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आसन ग्रहण किया

**करीमनगर18 दिसम्बर 2023 (ए)।** हुस्नाबाद विधायक पोन्नम प्रभाकर ने सोमवार को हैदराबाद में सचिवालय में अपने कक्ष में परिवहन और बीसी कल्याण मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के तुरंत बाद टीएसआरटीसी को 375 करोड़ रुपये मंजूर किए।

उन्होंने पारंपरिक पूजा अनुष्ठान करने के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आसन ग्रहण किया। इस अवसर पर, उन्होंने तीन फाइलों को मंजूरी दे दी, जिसमें मुफ्त बस सेवा के लिए टीएसआरटीसी को 212.50 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति शामिल थी; निगम को अतिरिक्त 162.50 करोड़ रुपये जारी करने और आरटीसी कर्मचारी पांडु बाबू के शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के लिए 1 लाख रुपये के चिकित्सा दावे को मंजूरी दी गई।



एआईसीसी के राज्य प्रभारी माणिकराव ठाकरे,मंत्री कोंडा सुरेखा, तुम्मला नागेश्वर राव और जुपल्ली कृष्ण राव, विधायक जी. विवेक, मेडिपल्ली सत्यम, सत्यनारायण और आदि श्रीनिवास, एमएलसी टी. जीवन रेड्डी और पूर्व सांसद वी. हनुमंत राव और अंजन कुमार यादव ने बधाई दी। प्रभाकर के पदभार ग्रहण करने के बाद।

## संपादकीय

# अब यूपी में सक्रिय होंगे नीतीश कुमार

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के नेता उत्तर प्रदेश को लेकर अक्सर कोई न कोई योजना बनाते रहते हैं। कई बार जदयू ने यूपी में विस्तार करने की योजना बनाई। पार्टी के प्रधान महासचिव केसी त्यागी इसकी कोशिश में रहे तो जब आरसीपी सिंह पार्टी के अध्यक्ष थे तब उन्होंने भी प्रयास किया था। लेकिन कभी कामयाबी नहीं मिली। जब से बिहार में जाति गणना हुई है और नीतीश कुमार को राष्ट्रीय स्तर पर प्रोजेक्ट करने के प्रयास शुरू हुए हैं तब से चर्चा है कि नीतीश उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ सकते हैं। कुछ समय पहले फूलपुर के कुछ लोग पटना जाकर नीतीश और पार्टी के अन्य नेताओं से मिले थे और उनसे फूलपुर सीट पर चुनाव लड़ने का आग्रह किया था। लव-कुश यानी कोईरी-कुर्मी समीकरण वाले इस सीट पर कांग्रेस नेता प्रियंक गांधी वाड्रा के भी चुनाव लड़ने की चर्चा चलती रहती है क्योंकि पारंपरिक रूप से यह सीट कांग्रेस की रही है और पंडित जवाहरलाल नेहरू इस सीट से चुनाव लड़ते थे।
बहरहाल, फूलपुर के अलावा नीतीश कुमार को लेकर यह भी चर्चा रही है कि वे वाराणसी सीट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लड़ सकते हैं। प्रधानमंत्री बनने की आकांक्षा रखने वाले अरविंद केजरीवाल 2014 में वाराणसी लड़े थे लेकिन उसके बाद फिर वहां नहीं गए। प्रियंका गांधी वाड्रा के भी वाराणसी लड़ने की खबरें आती रहती हैं और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने यह संकेत भी दिया था कि इस बारे में चर्चा हुई है। बहरहाल, अब खबर है कि नीतीश कुमार 24 दिसंबर को वाराणसी लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली रोहनिया सीट पर एक जनसभा करेंगे। यह कुर्मी बहुल इलाका है। वहां से नीतीश कुमार कोई मैसेज दे सकते हैं। वे वाराणसी या फूलपुर से चुनाव लड़ेंगे या नहीं यह तय नहीं है लेकिन यह तय है कि वे पूर्वी उत्तर प्रदेश में अपनी पार्टी के विस्तार को लेकर गंभीर है। अभी तक मोटे तौर पर कोईरी-कुर्मी का रूझान उत्तर प्रदेश में भाजपा की ओर है। अगर नीतीश सक्रिय होते हैं तो विपक्षी गठबंधन को इसका कुछ फायदा हो सकता है।

# जब पिता का हाथ बेटे के सिर पर हो



हेमेन्द्र क्षीरसागर
भटेरा चौकी,
बालाघाट,
जिला बालाघाट
मध्यप्रदेश

एक मार्मिक,संवेदनशील और उत्प्रेरक प्रसंग आपके समक्ष साझा करने का मन बहुत हो रहा था इसलिए कर रहा हूं। स्तुत्य, एक बूढ़ा पिता अपने आएएस बेटे के चेंबर में जाकर उसके कंधे पर हाथ रख कर खड़ा हो गया। और प्यार से अपने पुत्र से पूछा इस दुनिया का सबसे शक्तिशाली इंसान कौन है ? पुत्र ने पिता को बड़े प्यार से हंसते हुए कहा मेरे अलावा कौन हो सकता है पिताजी । पिता को इस जवाब की आशा नहीं थी, उसे विश्वास था कि उसका बेटा गर्व से कहेगा पिताजी इस दुनिया के सब से शक्तिशाली इंसान आप हैं, जिन्होंने मुझे इतना योग्य बनाया। उनकी आँखे छलछला आई। वो चेंबर के गेट को खोल कर बाहर निकलने लगे।



उन्होंने एक बार पीछे मुड़ कर पुनः बेटे से पूछा एक बार फिर बताओ इस दुनिया का सब से शक्तिशाली इंसान कौन है ? पुत्र ने इस बार कहा... पिताजी आप हैं, इस दुनिया के सब से शक्तिशाली इंसान । पिता सुनकर आश्चर्यचकित हो गए उन्होंने कहा अभी तो तुम अपने आप को इस दुनिया का सब से शक्तिशाली इंसान बता रहे थे अब तुम मुझे बता रहे हो ? पुत्र ने हंसते हुए उन्हें अपने सामने बिठाते हुए कहा .. पिताजी उस समय आप का हाथ मेरे कंधे पर था, जिस पुत्र के कंधे पर या सिर पर पिता का हाथ हो वो पुत्र तो दुनिया का सबसे शक्तिशाली इंसान ही होगा ना,,,,,! बोलिए पिताजी! पिता की आँखे भर आई उन्होंने अपने पुत्र को कस कर के अपने गले लगा लिया।

किसी ने क्या खूब चन्द पंक्तिया लिखी हैं

**जो पिता के पैरों को छूता है**
**वो कभी गरीब नहीं होता।**
**जो मां के पैरों को छूता है**
**वो कभी बदनसीब नहीं होता।**
**जो भाई के पैरों को छूता है**
**वो कभी गमगीन नही होता।**
**जो बहन के पैरों को छूता है**
**वो कभी चरित्रहीन नहीं होता।**
**जो गुरू के पैरों को छूता है**
**उस जैसा कोई खुशनसीब नहीं होता.......**
**अच्छा दिखने के लिये मत जियो,**
**अच्छा बनने के लिए जियो।**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# बदला है भारतीय न्यायपालिका का नजरिया ?

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अनुच्छेद 370 का मकसद जम्मू-कश्मीर का शेष भारत के साथ एकीकरण था। तब यह प्रश्न उठेगा कि अगर अनुच्छेद 370 का यह उद्देश्य था, तो फिर अनुच्छेद 371 का क्या मकसद है? इस अनुच्छेद की उपराधाराओं ए लेकर जे तक के जरिए महाराष्ट्र एवं गुजरात, नगालैंड, असम, मणिपुर, आंध्र प्रदेश, सिक्किम, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश और गोवा को कई प्रकार के विशेष अधिकार और संरक्षण मिले हुए हैं। आम समझ में अनुच्छेद 370 को इसी क्रम में देखा जाता रहा है। लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने इसकी अलग व्याख्या सामने रखी है।
अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बारे में सुप्रीम कोर्ट का फैसला कई रूपों में असहज करने वाला है। उनमें पहला मुद्दा अनुच्छेद 370 के बारे में कोर्ट की कुछ टिप्पणियां हैं। मसलन, प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने कहा,

* अनुच्छेद 370 का मकसद जम्मू-कश्मीर का क्रमिक रूप से शेष भारत के साथ एकीकरण था।
* यह अनुच्छेद सिर्फ एक अस्थायी प्रावधान था (यानी इसे खत्म होना ही था)।
* राष्ट्रपति को अनुच्छेद 370 (3) के तहत वह प्राप्त अधिकार था, जिसका इस्तेमाल करते हुए वे अनुच्छेद 370 का अस्तित्व खत्म करने की अधिसूचना जारी सकते थे।
* जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा के भंग हो जाने के बावजूद अनुच्छेद 370 को निरस्त कर सकने की राष्ट्रपति की शक्ति बनी रही।

ये टिप्पणियां इसलिए असहज करने वाली हैं, क्योंकि ऐतिहासिक संदर्भ की आम समझ यही है कि जम्मू-कश्मीर कुछ खास शर्तों के साथ भारत में शामिल हुआ था। इन शर्तों के तहत उसने अपने कुछ अधिकार केंद्र को सौंपे, जबकि आंतरिक स्वायत्तता संबंधी ज्यादातर अधिकार उसने अपने पास रखे। अनुच्छेद 370 के तहत भारतीय संविधान में इस व्यवस्था को स्वीकार किया गया था। इसके तहत भारतीय राज्य ने जम्मू-कश्मीर के लोगों को उनकी स्वायत्तता की रक्षा का वचन दिया था। इस वचन की रक्षा भारतीय राज्य-व्यवस्था का ऐतिहासिक दायित्व था।
आम समझ है कि संविधान में इस अनुच्छेद को शामिल करते समय इसे अस्थायी प्रावधान सिर्फ इस अर्थ में कहा गया था कि जब तक जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा अपना संविधान नहीं बना लेती, वहां का प्रशासन और भारतीय संघ से उसका रिश्ता अनुच्छेद 370 के आधार पर निर्धारित होगा। लेकिन अब कोर्ट ने इसे इस रूप में अस्थायी बताया है कि इसका मकसद जम्मू-कश्मीर का एकीकरण था। स्पष्टतः कोर्ट ने इस पहलू को बिल्कुल अलग नजरिए से देखा है।
जब कोर्ट ने बिल्कुल अलग दृष्टिकोण अपना लिया, तो उसका इस निष्कर्ष पर पहुंचना लाजिमी था कि जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा की बिना सहमति के भी अनुच्छेद 370 को निरस्त किया जा सकता था।
मगर यहां विडंबना यह है कि इसके लिए अपनाए गए माध्यम को खुद कोर्ट ने समस्याग्रस्त माना है। अनुच्छेद 370 को संशोधित करने के लिए अनुच्छेद 367 में सुधार किया गया। इसके लिए संवैधानिक आदेश 272 जारी किया गया। कोर्ट ने इस आदेश को असंवैधानिक बताया है। मतलब सुप्रीम कोर्ट की यह राय है कि किसी दूसरे अनुच्छेद को संशोधित करने के लिए किसी अन्य अनुच्छेद में बदलाव संविधान के अनुरूप नहीं है। यानी सरकार को जिस अनुच्छेद में संशोधन करना हो, उसे प्रत्यक्ष रूप से उसके लिए ही कदम उठाने चाहिए, ऐसा बैकडोर से नहीं करना चाहिए।
मुद्दा यह है कि अगर वह आदेश असंवैधानिक था, तो उसके परिणामस्वरूप उठाया गया कदम संवैधानिक कैसे हो सकता है?
सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अनुच्छेद 370 का मकसद जम्मू-कश्मीर का शेष भारत के साथ एकीकरण था। तब यह प्रश्न उठेगा कि अगर अनुच्छेद 370 का यह उद्देश्य था, तो फिर अनुच्छेद 371 का क्या मकसद है? इस अनुच्छेद की उपराधाराओं ए लेकर जे तक के जरिए महाराष्ट्र एवं गुजरात, नगालैंड, असम, मणिपुर, आंध्र प्रदेश, सिक्किम, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश और गोवा को कई प्रकार के विशेष अधिकार और संरक्षण मिले हुए हैं। आम समझ में अनुच्छेद 370 को इसी क्रम में देखा जाता रहा है। लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने इसकी अलग व्याख्या सामने रखी है।
बेशक, अनुच्छेद 370 के रहते हुए भी इसके जरिए जम्मू-कश्मीर के अनेक संरक्षित अधिकार क्रमिक रूप से केंद्र ने हासिल कर लिए थे। बल्कि अधिकांश विशेषज्ञों का मानना है कि गुजरे दशकों में आगे बढ़ी इस प्रक्रिया के कारण अनुच्छेद 370 के मूल स्वरूप में काफी हद तक क्षरण हो चुका था। इस हकीकत के बावजूद सच यह है कि जम्मू-कश्मीर की खास राजनीतिक पहचान और वहां के बाशिंदों के मनोवैज्ञानिक संरक्षण के तौर पर इस अनुच्छेद की उपयोगिता बनी हुई थी।





वैसे अगर भारतीय जनता पार्टी के वैचारिक नजरिए से देखें, तो (इस पार्टी के पूर्व संस्करण भारतीय जन संघ की स्थापना के समय से ही) यह अनुच्छेद हमेशा ही एक राजनीतिक मसला था, जिसे भारतीय राज्य अपनी शक्ति के इस्तेमाल से हल कर सकता था। भाजपा नेता हमेशा यह कहते थे कि कांग्रेस नेतृत्व की ÷कमजोरी÷ या उसकी ÷वोट बैंक की सियासत÷ के कारण यह अनुच्छेद संविधान का हिस्सा बना रहा। उनका हमेशा से वादा था कि जब कभी वे सत्ता में आएंगे, वे इस अनुच्छेद को खत्म कर देंगे। इसलिए भाजपा सरकार ने यह कदम उठाया, तो यह उनकी घोषणाओं के अनुरूप ही था।
भाजपा और उसके मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विमर्श पर गौर करें, तो यह साफ हो जाता है कि इस अनुच्छेद से उनके विरोध का एक प्रमुख कारण जम्मू-कश्मीर का मुस्लिम बहुल राज्य होना रहा है। दूसरी बात यह रही है कि आरएसएस की विचारधारा भारत के संघीय स्वरूप के साथ सहज कभी नहीं रही। भारत को एकात्मक व्यवस्था का रूप देना उसकी सोच का अभिन्न अंग रहा है। इसलिए अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के साथ वर्तमान भाजपा सरकार ने जम्मू-कश्मीर का दर्जा गिरा कर उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाया और इस प्रदेश को एकतरफा ढंग से दो भागों (जम्मू-कश्मीर और लद्दाख) में बांट दिया, तो इसमें उसे कोई वैचारिक या नैतिक अवरोध नजर नहीं आया।
मगर अब हमारे सामने हकीकत यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इन दोनों ही बातों को स्वीकृति दे दी है। कोर्ट के सामने एक बड़ा मुद्दा यह था कि क्या भारतीय संवैधानिक व्यवस्था के तहत किसी राज्य को केंद्र शासित प्रदेश में बदला जा सकता है? विशेषज्ञों ने ध्यान दिलाया है कि संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत किसी राज्य को उसकी सहमति से विभाजित किया जा सकता है, उसके किसी एक हिस्से को केंद्र शासित प्रदेश बनाया जा सकता है, लेकिन पूरे राज्य को केंद्र शासित प्रदेश नहीं बनाया जा सकता। आखिर सुप्रीम कोर्ट इतने बड़े सवाल को अनसुलझा कैसे छोड़ सकता था? इस मुद्दे पर उसने निर्णय देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि केंद्र सरकार की तरफ से सुनवाई के दौरान उसे आश्वासन दिया गया कि जम्मू-कश्मीर के पूर्ण राज्य के दर्जे को बहाल कर दिया जाएगा। क्या इसे कोर्ट का विचित्र रुख नहीं कहा जाएगा? इसलिए कि सुप्रीम कोर्ट को निर्णय पांच अगस्त 2019 को उठाए गए संसद के कदम (यानी राज्य का दर्जा गिराने) की संवैधानिकता पर देना था। इस पर नहीं कि भविष्य में क्या होगा। स्पष्टतः इस मुद्दे पर चुप रह कर सुप्रीम कोर्ट ने भारत के हर राज्य के भविष्य को अधर में लटका दिया है।
इसका अर्थ यह है कि भविष्य में कभी कोई सरकार राष्ट्रपति शासन लागू कर उसी प्रक्रिया से किसी राज्य को विभाजित कर सकती है या उसका दर्जा गिरा सकती है, जैसाकि जम्मू-कश्मीर के मामले में किया गया। मतलब यह कि अब पूरी संघीय व्यवस्था केंद्र की मर्जी पर निर्भर हो गई है।
1990 के दशक में एसआर बोम्मई मामले में आए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने संघीय व्यवस्था को भारतीय संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा घोषित किया था। केशवानंद भारती से लेकर नौवीं अनुसूची की वैधता से संबंधी मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के बुनियादी ढांचे की रक्षा को अपनी जिम्मेदारी माना था। तो यह प्रश्न उठा है कि जम्मू-कश्मीर का दर्जा गिराने के बारे में दो टूक निर्णय ना देना क्या सुप्रीम कोर्ट का अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ना नहीं है?
ये सारे संवैधानिक सवाल हैं। ये गंभीर प्रश्न हैं। इसलिए कि भारतीय संविधान की जो विचारधारा है और उसका जो बुनियादी ढांचा है, सुप्रीम कोर्ट का ताजा निर्णय उनके अनुरूप मालूम नहीं पड़ता। इसके विपरीत यह निर्णय आरएसएस-भाजपा की विचारधारा पर मुहर लगाता मालूम पड़ता है, जबकि इस विचारधारा के भारतीय संविधान की विचारधारा से बुनियादी मतभेद रहे हैं।
अंतरराष्ट्रीय आम तजुर्बा है कि न्यायपालिका अक्सर हावी राजनीतिक विचारधारा और वर्तमान सत्ताधारी के हितों से प्रभावित एवं प्रेरित होती है। जब कभी किसी मामले में संवैधानिक या कानूनी प्रावधानों का उस विचारधारा या हितों से टकराव होता है, तो उनके अनुरूप निर्णय देने के लिए न्यायपालिकाएं विचित्र किस्म के सिद्धांत अपनाती रही हैं। मसलन, पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने वहां हुए सैनिक तख्ता पलट को वैध ठहराने के लिए जरूरत के सिद्धांत का सहारा लिया था। वैसे इस सिद्धांत का इतिहास काफी पुराना है और इसका उपयोग अनेक मामलों में किया गया है।
इस सिद्धांत की व्याख्या करते हुए 13वीं सदी के ब्रिटिश न्यायविद हेनरी डी ब्रैक्टॉन ने कहा था कि 'जो कानूनी नहीं है, उसे जरूरत के मुताबिक कानूनी बना दिया जाता है।' साल 1672 में एक मामले में कोर्ट ने व्यवस्था दी थी कि जरूरत के लिए अपनाया गया कानून उस रूप में विवाद का निपटारा करता है, जो सामान्य स्थितियों में वैध नहीं है। भारत में यह कहा नहीं गया है, लेकिन हाल के वर्षों में भारतीय न्यायपालिका ने राजनीतिक और वैचारिक पहलू वाले मामलों में जैसा रुख अपनाया है, जैसी टिप्पणियां की हैं, और जिस तरह के निर्णय दिए हैं, उनसे अनेक लोगों के मन में यह प्रश्न उठेगा कि क्या अपने देश में भी आवश्यकता का सिद्धांत को अपना लिया है? क्या ऐसा इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि आज जिस तरह के फैसले दिए जा रहे हैं या जैसी न्यायिक टिप्पणियां की जा रही हैं, वैसा भारतीय संविधान की मूलभूत भावना के अनुरूप करना संभव या तार्किक नहीं है?
यह गौरतलब है कि इमरजेंसी (1975-77) के दौरान न्यायपालिका ने कई विवादास्पद फैसले दिए थे। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने खुद यह स्वीकार किया कि इमरजेंसी के दौरान उसके फैसले नागरिकों के मौलिक अधिकारों के उल्लंघन में सहायक बने थे। तब संभवतः मामला तत्कालीन सरकार से टकराव लेने में अनिच्छा का था। लेकिन आज ऐसा लगता है कि न्यायपालिका भारतीय राज्य व्यवस्था के वैचारिक रुझान में आए बदलाव को स्वीकार कर रही है। पिछले पांच वर्षों में कई संवैधानिक और नागरिकों के मूल अधिकार संबंधी मामलों में कोर्ट के दृष्टिकोण इस धारणा को मजबूत करते चले गए हैं।
भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में भारतीय राजसत्ता जो स्वरूप ग्रहण कर रही है, उसके बीच उसकी न्याय भावना (द्बस्रद्गड्ढ श्द्ध द्भह्वह्यह्लद्बष्द्ग) में परिवर्तन के संकेत मिल रहे हैं। यह न्याय भावना व्यक्तिगत अधिकार, सांस्कृतिक बहुलता, कानून के समक्ष सबकी बराबरी और समता जैसे उसूलों से प्रेरित नहीं है। इसके विपरीत यह आर्थिक-सामाजिक वर्चस्व, सत्ता के समक्ष व्यक्तिगत कर्त्तव्य, और सामाजिक-सांस्कृतिक श्रेणी-क्रम पर आधारित है। प्रश्न यह है कि क्या न्यायपालिका भी धीरे-धीरे राजसत्ता के इस दृष्टिकोण को स्वीकार करती जा रही है?
उससे बड़ा सवाल है कि अगर व्यवहार में ऐसा होगा, तो क्या उस स्थिति में भी यह मानने का कोई आधार पर बचेगा कि भारत 26 जनवरी 1950 को लागू हुए संविधान से चल रहा है? गौरतलब यह है कि वह संविधान एक सामाजिक समझौता है, जिसमें स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लोकप्रिय हुए उसूलों की झलक थी। इस दस्तावेज के जरिए उन उसूलों का भारतीय समाज की तत्कालीन वर्गीय संचरना से तालमेल बैठाया गया था। तब वादा यह किया गया था कि यह संविधान सबको साथ लेते हुए और सबकी सहमति से तत्कालीन वर्गीय व्यवस्था और सांस्कृतिक मूल्यों में परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा। यह परिवर्तन न्याय एवं समता की दिशा में होना था।
मगर 1990 का दशक आते-आते ये सारी दिशाएं बदलने लगी थीं। अब विचारणीय यह है कि क्या यह दिशा संविधान की मूलभूत भावना के विपरीत किसी ठोस मुकाम पर पहुंच चुकी है? क्या यह वो मुकाम है, जहां कानून और न्याय की व्याख्याएं मौजूदा सत्ताधारी दल की विचारधारा के मुताबिक की जानी लगी हैं?

-सत्येन्द्र रंजन-

## प्रभा श्री-काव्य गोष्ठी बना
# स्थापित कवियों संग नवांकुरों के लिए एक जाना-माना नाम

**वाराणसी(काशी),18 दिसम्बर 2023।** काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन (काशी) के संयुक्त तत्वावधान में पूरी भव्यता के साथ एक और कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) के संस्थापक एवं वरिष्ठ साहित्यकार राजसागर, संस्कार प्रभा की निदेशक प्रख्यात साहित्यकार पुष्पा अवस्थी स्वाती (मुंबई) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन की निदेशक जानी मानी कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) के संयुक्त प्रयासों से हर रविवार को होने वाले ऑनलाइन कवि सम्मेलन में देश के ही नहीं अपितु विदेशों से भी अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकारों का प्रतिभाग रहा करता है। साथ ही नवांकुरों को मंच प्रदान कर उनकी साहित्यिक प्रतिभा को निखारने का भी कार्य किया जाता है। इस सप्ताह कवि सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के नाम डॉ0 वनिता शर्मा (दिल्ली), अंजू रंजन आशा (लखनऊ), प्रतिभा पांडेय (चेन्नई), शिल्पी सक्सेना (बदायूं) द्य सभी ने अपनी अप्रतिम रचनाओं से अद्भुत काव्य की धारा बहायी। सबने भावुकता के साथ (कीर्तिशेष) पुष्पा अवस्थी स्वाती जी को काव्य के श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए विविध विधाओं में सभी ने विभिन्न विषयों पर काव्य पाठ किया। साथ ही साथ सभी ने एक स्वर में प्रभा श्री के इस अद्भुत अनवरत मंच की भूरी भूरी प्रशंसा की । मंच की श्रेष्ठ और सफलतम संचालिका कोकिलकंठी कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) की रचना के उपरांत माहौल अप्रतिम रूप से मंत्रमुग्ध करने लगा। मुंबई की जानी मानी वरिष्ठ साहित्यकार पुष्पा अवस्थी स्वाती के बहुमूल्य आशीर्वचन की छत्रछाया में उनके उद्देश्य को पूरित करने का लक्ष्य लिए हुए प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) ने बताया कि विगत चार वर्षों में सौ किताबें प्रकाशित की जा चुकीं, तथा मंच पर 10 हज़ार से अधिक रचनाकार प्रतिभाग करते हुए सम्मानित हो चुके द्य यह मंच पूर्णतः उनके पिता स्व श्र प्रभा शंकर अवस्थी जी एवं माँ स्वाती जी को समर्पित है। प्रभा श्री ग्रुप के अंतर्गत सभी कार्य उनकी स्मृति में उन्हीं की प्रेरणा से आयोजित किये जाते हैं, प्रभा श्री की प्रभा अंधेरों से उजालों की ओर बढ़ने को प्रेरित करती है, नकारात्मकता में भी सकारात्मकता का प्रसार करती है। इसी प्रकार तालियों के बीच प्रियंका गीत के ही द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह मंच साप्ताहिक है, प्रतिभाग करने के इच्छुक कवि प्रियंका गीत जी से संपर्क कर सकते हैं।



प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# ममता की चुनौती सबसे बड़ी है



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी की मुश्किलें बाकी क्षत्रपों से अलग हैं। हिंदी पट्टी के राज्यों में भाजपा हमेशा एक बड़ी ताकत रही है लेकिन पश्चिम बंगाल में भाजपा का उभार नया नया है। वह 2016 के विधानसभा चुनाव तक बिल्कुल हाशिए की पार्टी थी। सिर्फ दो-चार सीट जीतने वाली पार्टी। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 18 सीटें जीतीं और फिर 2021 के विधानसभा चुनाव में वह 77 सीटों पर जीत गई। कांग्रेस और लेफ्ट दोनों साफ हो गए। हालांकि 2021 के विधानसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी और अमित शाह दोनों के बहुत जोर लगाने के बावजूद भाजपा 77 सीट ही जीत पाई इसलिए ममता बनर्जी को लग रहा है कि आमने-सामने के मुकाबले में वे भाजपा का रथ रोक देंगी। लेकिन हकीकत यह है कि भाजपा के साथ मोमेंटम है। उसने पश्चिम बंगाल में अभी जीतना शुरू किया है और उसका वोट आधार मजबूत हुआ है। पश्चिम बंगाल में 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को करीब 41 फीसदी से कुछ ज्यादा वोट मिले थे और 18 सीटें मिली थीं। 2021 के विधानसभा चुनाव में जब ममता ने अस्मिता का दांव खूब खुल कर खेला और मोदी, शाह को बाहरी बता कर चुनाव लड़ा तब भी भाजपा को 38 फीसदी वोट मिले। यानी लोकसभा से सिर्फ दो फीसदी कम हुआ। इस तरह उसका वोट उसके साथ बना रहा। अगर बंगाल की जनसंख्या संरचना देखें तो वहां 30 फीसदी मुस्लिम आबादी है। हिंदू आबादी 70 फीसदी है। जाहिर है मुस्लिम वोट भाजपा को नहीं मिलता है। सो, भाजपा को लोकसभा में करीब 41 फीसदी वोट मिलने का मतलब है कि 60 फीसदी हिंदुओं ने उसको वोट दिया। विधानसभा चुनाव में भी 55 फीसदी के करीब हिंदू वोट भाजपा को मिला। यह सामान्य से अधिक हिंदू ध्रुवीकरण का संकेत है। पूरे देश में भाजपा को औसतन 40 से 45 फीसदी हिंदू वोट मिलते हैं। लेकिन बंगाल में यह 55 से 60 फीसदी है। इसका मतलब है कि राज्य की 30 फीसदी मुस्लिम आबादी की प्रतिक्रिया में हिंदू ध्रुवीकरण भाजपा के पक्ष में हो रहा है। अगले चुनाव में इस स्तर का या इससे ज्यादा हिंदू ध्रुवीकरण नहीं होगा, यह मानने की कोई तार्किक वजह नहीं दिखती है।
भाजपा ने पहले से ज्यादा आक्रामक तरीके से हिंदू-मुस्लिम का नैरेटिव बनाया है। तृणमूल कांग्रेस को मुस्लिम तुष्टिकरण करने वाला बताया है। ऊपर से परिवारवाद और भ्रष्टाचार का बहुत स्ट्रॉन्ग नैरेटिव बना है। उनके कई नेता जेल में हैं और भतीजे अभिषेक बनर्जी पर तलवार लटकी है। ममता के खिलाफ राज्य में करीब 13 साल के शासन की एंटी इन्कम्बैंसी है। यह भी एक तथ्य है कि जहां भाजपा ने आज तक सरकार नहीं बनाई है वहां उसके प्रति लोगों की जिज्ञासा ज्यादा रहती है। सो, बंगाल के लोगों में भाजपा को आजमाने की सोच भी हो सकती है। ऐसे में ममता का अकेले राजनीति करना और कांग्रेस व लेफ्ट के प्रति अछूत का बरताव करना हैरान करने वाला है। उन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव में जो अस्मिता का मुद्दा बनाया था वह लोकसभा चुनाव में कारगर नहीं होगा। हां, अगर विपक्षी गठबंधन ममता बनर्जी को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बना दे तो अलग बात है। तब वे देश के पहले बांग्ला प्रधानमंत्री का नैरेटिव बना कर बांग्ला अस्मिता का मुद्दा उभार सकती हैं। लेकिन अभी वह भी होता नहीं दिख रहा है।
इसलिए उनकी पहली कोशिश विपक्षी गठबंधन के साथ तालमेल की होनी चाहिए। वह तालमेल राज्य की 42 सीटों पर आपस में सीट बंटवारे का होगा या रणनीतिक होगा यह जमीनी हालात के हिसाब से तय करना होगा। ध्यान रहे पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और लेफ्ट मोर्चा अलग अलग चुनाव लड़ा था। सिर्फ एक सीट पर कांग्रेस ने सीपीएम के उम्मीदवार को समर्थन दिया था। कांग्रेस को दो सीट मिली थी और लेफ्ट मोर्चा एक भी सीट नहीं जीत पाया था। लेकिन दोनों को मिला कर 12 फीसदी वोट मिले थे। इस 12 फीसदी वोट के गणित को समझना होगा। अगर कांग्रेस और लेफ्ट का तालमेल होता है तो उनका वोट कहां जाएगा? क्या वह वोट पूरी तरह से तृणमूल गठबंधन को ट्रांसफर होगा या उसका एक हिस्सा भाजपा के साथ भी जा सकता है? आमने सामने की लड़ाई में हिंदू वोट का ध्रुवीकरण भाजपा के पक्ष में ज्यादा आक्रामक हो सकता है, जिसका फायदा भाजपा को मिल सकता है। इसलिए पश्चिम बंगाल का मामला बहुत संवेदनशील और बारीक है। तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और लेफ्ट मोर्चे की मामूली सी भी गलती से ऐसे हालात बन सकते हैं कि भाजपा को पहले से ज्यादा सीटें मिलें। सो, तीनों पार्टियों को और गठबंधन के अन्य बड़े नेताओं को बंगाल के हालात बहुत सावधानी से हैंडल करने होंगे।

-हरिशंकर व्यास-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## मंहगाई की आग

मंहगाई आग की सुरसा है
जिसमे हर कोई झुलसा है।
इससे हरेक वर्ग परेशान है
आम आदमी, हलाकान है।
आस विश्वास में आदमी हैं
चलो यह दिन, लाजिमी है।
गम नही दिन भी सुधरते हैं
कभी न कभी तो सवंरते हैं।
आशाओं पर,पानी फिरा है
आदमी महंगाई से, घिरा है।
सामान इनसे दूर हो रहा है
ये इंसान,मजबूर हो रहा है।
बेबसी का छाया आलम है
पर !यह महंगाई, कायम है।
इसका कोई इलाज नहीं है
इसका कोई जवाब नही है।
जिंदगी जीना तो जायज है
पर !ये महंगाई नाजायज है।



अशोक पटेल
आशु
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## सलीके से

यूँ ही चल पड़े थे सफर में
हम तो तनहा ही
पता ही नहीं था कि
मिलेंगे आप सलीके से
स्वाँस थमने तक ज़रूरी है
दुनिया में दुनिया की
राख होने तक कफन पर लिखेंगे
नाम सलीके से
कैसे कह दूँ कि
इस सुख के काबिल हूँ मैं
जब कि शर्त है ये कि
पीएंगे जाम सलीके से
रुका ही कब कोई बयार
रस्ते में तसल्ली से
खोजती हैं निगाहें फिर भी
अपने राम सलीके से
हुआ इम्तहान इस कदर
गुजरे जिस राह से
अब आदत को है आदत कि
रखेंगे मान सलीके से।
मिल गया ये कारवां मुझको आज
महफिल में
न जाने कौन किससे कब
छूटेंगे हाथ सलीके से।।



मंजुला
श्रीवास्तव
गाजीपुर
उत्तरप्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## विषकन्या अपने प्रेमी से कहती है

विषकन्या अपने प्रेमी से
कहती हैं कि
तुम मेरे नजरों से
नजरें मिलाया ना करों दिल खो बैठोगें।
कि
तुम मेरी बातों कों
दिल सें यूँ लगाया ना करों,
जज़्बात खों दोगे।
कि
तुम मुझे अपनी जिदंगी में
यूँ बुलाया ना करों,
जिंदगी खो दोगे ।
कि,
तुम मुझे इतनी मोहब्बत से
यूँ पास बैठाया ना करों,
जान गवा दोगे।
कि
तुम मुझे अपना बना लोगे
यूँ सपनें सजाया ना करो,
मारे जाओगे ।



मुस्कान
केशरी
मुजफ्फरपुर
बिहार

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## गीतिका

उनसे दूर रहा कब जाता।
हर क्षण याद वही मन आता।।
निकट बैठकर उनके अब तो,
जैसे स्वर्ग दर्श मन पाता।
उन बिन सूखे मन का उपवन,
नव वसंत उनसे ही छाता।
प्रणय याचना मूक जिया की,
नयनों से मन उन्हें सुनाता।
जहाँ नहीं पाने की चाहत,
प्रेम वही सच्चा कहलाता।
उनका जब सामीप्य मिले है,
गुन-गुन करके मन यह गाता।
जिनको प्रेम हुआ वो जानें,
कितना पावन मन का नाता।
जँचे नहीं सूरत अब कोई,
उनका मुखड़ा ही मन भाता।
लिखकर नित्य प्रेम की पाती,
उनको ही मन सदा रिझाता।
नयना गौर वर्ण कब चाहें,
रूप सलोना उनका भाता।



प्रीति
चौधरी
मनोरमा
बुलंदशहर
उत्तरप्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।
नौकरी लगवाने के नाम पर महिला से 1 लाख 76 हजार रुपए ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने यूपी के प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार मनीषा सिंह आत्मज राकेश सिंह उम्र 32 वर्ष साकिन अम्बिकापुर थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रार्थिया एवं इसका पति बस स्टैंड के आश्रय स्थल मे वर्ष 2019 मे काम करते थे। आश्रय स्थल में काम करने के दौरान आश्रय स्थल में आकर ठहरने वाले औरंगाबाद निवासी युवक शम्भू शरण से प्रार्थिया उसके पति का जान पहचान थोक सब्जी विक्रेता के रूप में हुआ था। जो शम्भू शरण द्वारा जानपहचान के लोगो को प्राइवेट नौकरी में लगावाने की बात भी बताई गई थी, शम्भू शरण द्वारा प्रार्थिया इसके पति को विस्वास में लेकर वर्ष 2023 मे प्राइवेट नौकरी लगाने के नाम पर अलग अलग किस्तों में कुल 176000 रुपये ठगी किया गया हैं एवं उक्त रुपये की ठगी करने के पश्चात शम्भू शरण द्वारा प्रार्थिया एवं इसके पति को लगातार भ्रमित कर बातचीत करना बंद कर दिया हैं, प्रार्थिया कि रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध दर्ज कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना मामले के आरोपी के सम्बन्ध मे तकनिकी जानकारी प्राप्त कर आरोपी के गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम को इलाहाबाद उत्तरप्रदेश रवाना किया गया था, जो पुलिस टीम द्वारा आरोपी की घेराबंदी कर पकडक़र पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम शम्भू शरण उर्फ़ कुंदन आत्मज बलराम ठाकुर उम्र 23 वर्ष साकिन बेनी थाना माली औरंगाबाद बिहार का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ करने पर ठगी की घटना कारित करना स्वीकार किया गया जो आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही मे पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी होलीक्रॉस हॉस्पिटल सहायक उप निरीक्षक मनोज सिंह, आरक्षक रमेश राजवाड़े, मुकेश कंसारी शामिल रहे।

# भाजपा कार्यालय में संत गुरु घासीदास जयंती और पंडित रविशंकर त्रिपाठी जयंती के अवसर पर उनकी

## प्रतिमा पर फूल माला अर्पित कर किया गया याद

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।
संकल्प भवन भाजपा कार्यालय अंबिकापुर में संत गुरु घासीदास जयंती और पंडित रविशंकर त्रिपाठी जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर फूल माला अर्पित कर उन्हें याद किया गया।




भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने इस अवसर पर सबको बधाई और शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि महान संत बाबा गुरु घासीदास सामाजिक आर्थिक शोषण, जातिवाद,अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाते रहे, उन्होंने समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम किया, उनके उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं।

पंडित रविशंकर त्रिपाठी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए ललन प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के हुए जुझारू कार्यकर्ता थे 1975 में मीसा बंदी रहे और 2010 तक 35 साल का राजनीतिक जीवन में उन्होंने संगठन के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। कुशाग्र बुद्धि के और हाजिर जवाबी थे,उनकी उपस्थिति मात्र से कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार होने लगता था। आगे उन्होंने कहा कि ऐसे प्रेरणा स्रोत शख्सियत,कर्मठ व्यक्ति की स्मृति हम कार्यकर्ताओं में स्थाई रूप से रहना चाहिए।

इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य भारत सिंह सिसोदिया, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता,पूर्व सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केसरी, मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, अभिषेक शर्मा,मधु चौदहा, विकास पाण्डेय,रूपेश दुबे, विश्वविजय तोमर, दीपक सिंह तोमर,सर्वेश तिवारी, आकाश गुप्ता, राज बहादुर शास्त्री, नकुल सोनकर, अजय सिंह बबलू,शैलेश सिंह, हरमिंदर सिंह टिन्नी, राम प्रवेश पांडे,विद्यानंद मिश्रा, बीरेंद्र बघेल, अनिल जयसवाल, मनोज सोनी, कृष्ण शर्मा, दूधनाथ गोस्वामी, निरंजन रॉय, प्रियंका चौबे, सोनू मुदलियार, सीमा कश्यप, नीलम राजवाड़े, वीर सोनी,हर्ष जयसवाल, विपिन पांडे छोटू, ध्रुव रवि, गांधी पासवान, विमल मंडिलवार, गणेश कश्यप, अशोक सोनी, गोलू सिंह, सतीश शर्मा, कैलाश ठाकुर, मंटू गुप्ता, अंकित सिंह सहित भाजपा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हाथी ने दो सगी बहनों को सूंड से उठाकर पटका,गंभीर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)। जशपुर जिले ग्राम कुदरा झरिया में सोमवार की सुबह दो सगी बहनों को एक हाथी ने सूंड़ से लपेटकर पटक दिया। इससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गई हैं। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुबह दोनों बहने सोकर उठने के बाद शौच के लिए घर से बाहर निकलीं थी।



जानकारी के अनुसार ग्राम कुदरा झरिया थाना कांसाबेल जिला जशपुर निवासी गौरी चौहान उम्र 42 वर्ष और इन्दू कुमारी उम्र 26 वर्ष दोनों सगी बहन हैं। दोनों सोमवार की सुबह सोकर उठने के बाद घर से बाहर शौच के लिए निकलीं थी। तभी दरवाजा खोलते ही इनका हाथी से सामना हो गया। घर के बाहर पहले से मौजूद हाथी ने दोनों बहन को सूंड से लपेटकर पटक दिया। इस दौरान चिल्लाने की आवाज सूनकर परिजन व आस पास के लोग बाहर निकले तो हाथी वहां से भाग गया। दोनों को इलाज के लिए जशपुर अस्पताल ले गए। यहां स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने दोनों को बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज चल रहा है।

# जिद पूरी न होने से नाराज 12 साल के बच्चे ने लगाई फांसी,मौत से पसरा मातम

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।
शहर से लगे ग्राम असोला में एक चौन्का देने वाला मामला सामने आया है। जहां महज 12 साल के बच्चे की जिद पुरी न होने पर उसने फांसी पर लटक कर मौत का रास्ता चुन लिया। वहीं उसके इस कृत्य के बाद परिवार वाले हतप्रद है और पूरे परिवार में मातम पसरा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



आप सोच सकते हैं कि कोई बच्चा जो की महज 12 साल का है वो फांसी लगा कर आत्महत्या कर सकता है.. नहीं ना। लेकिन आज ऐसा हादसा अंबिकापुर के ग्राम असोला में हुआ है। जहां एक 12 साल के बच्चे ने जिद पुरी न होने पर फांसी लगा कर अपनी ईह लिला समाप्त कर ली। मृतक के पिता ने बताया कि उसका बेटा उनसे जुते की मांग कर रहा था और जिद पर अडा था। जब उसकी जिद पुरी नहीं हुई तो उसनें फांसी लगा ली। बताया जा रहा है कि ग्राम असोला बरगाह पारा निवासी विनोद बारगाह का 12 वर्षीय पुत्र रवि कक्षा आठवीं का छात्र था। तीन-चार दिनों से वह अपने पिता को जूता खरीदने के लिए कह रहा था। पिता ने कहा था कि वह बाद में जूता खरीद देंगे। बार-बार जिद करने के बाद भी पिता के द्वारा जूता नहीं खरीदने पर नाराज छात्र ने आज गांव में ही अपने चाचा के घर जाकर रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। आनन फानन में उसे फांसी से उतार कर परिजन मिशन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर पुरे मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## निधन



भट्ठी रोड निवासी स्व0 नंद लाल कनौजिया कल दिनांक 17.12.2023 को देहावसान हो गया है वो रोशन कनौजिया कांग्रेस ब्लॉक महामंत्री के पिता थे अपने पीछे पत्नी व दो पुत्र और एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# एलएन सिदार होंगे बतौली के नए सीईओ

- संवाददाता -
बतौली,18 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)। जिला कलेक्टर कुंदन कुमार द्वारा विधानसभा चुनाव पश्चात प्रशासनिक फेरबदल करते हुए एलएन सिदार मुख्य कार्यपालन अधिकारी कार्यालय परियोजना प्रशासक एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना अंबिकापुर जिला सरगुजा को प्रशासनिक व्यवस्था के तहत आगामी आदेश पर्यंत तक बतौली मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बतौली का कार्यभार सौपा गया है। जबकि बतौली मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय नारायण श्रीवास्तव को आगामी आदेश पर्यंत तक कार्यालय,परियोजना प्रशासक, एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना अंबिकापुर जिला सरगुजा में कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है।



# शुभम फर्टिलाइजर दुकान में सेंधमारी,2 लाख रुपए नकदी पार




- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।
शहर के खरसिया रोड स्थित श्रीगढ़ मोड़ के पास संचालित शुभम फर्टिलाइजर दुकान में रविवार की रात चोरों ने सेंधमारी कर 2 लाख रुपए नकदी पार कर दिया है। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की और दुकान संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज विवेचना शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार खरसिया रोड स्थित श्रीगढ़ मोड़ के पास शुभम फर्टिचाइजर दुकान संचालित है। दुकान के संचालक कन्हैया लाल ने बताया कि रविवार की रात के 8 बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। सोमवार की सुबह 10 बजे कर्मचारी दुकान का शटर खोलकर अंदर गया तो सामान बिखरा पड़ा था और सारे काउंटर के लॉक टूटा हुआ था और दुकान के दीवार में हॉल किया हुआ था। कर्मचारी ने सबसे पहले दुकान संचालक को मामले की जानकारी दी। दुकान संचालक कन्हैया लाल मौके पर पहुंचे और दुकान की जांच की। दुकान संचालक ने बताया कि अलग-अलग काउंटर में विभिन्न समितियों के रखे रुपए नहीं है। चोर केवल नकदी ले गए हैं। कुल चोरी लगभग 2 लाख रुपए की बताई जा रही है। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की।

# सरगुजा प्रशासन की ओर से गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर सद्भावना कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

- संवाददाता -
लखनपुर,18 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।
सरगुजा जिला प्रशासन की ओर से गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर लखनपुर सामुदायिक भवन परिसर में सद्भावना शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें अतिथि के रूप में सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू , पार्षद आलोक दुबे,जनपद अध्यक्ष मोनिका पैकरा, नगर उपाध्यक्ष रामनारायण दुबे विश्वनाथ गुप्ता, राकेश अग्रवाल राहुल अग्रवाल, सहित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा बाबा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर वह गुरु घासीदास जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बेच लगा पुष्प गुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया गया।



अतिथियों के द्वारा सतनामी समाज से जुड़े लोगों का साल श्रीफल देकर सम्मान किया गया। छात्रावास व स्कूल के बच्चों के द्वारा राजकीय गीत के साथ रंगारंग प्रस्तुति दी गई । सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू सहित अन्य वक्ताओं के द्वारा उपस्थित जन समुदाय को संबोधित किया। जिला प्रशासन की ओर से सामाजिक सद्भाव को बढ़ाने के लिए यह कार्यक्रम कराया गया। जहां सभी जाति धर्म के लोग बैठकर एक साथ भोजन भी किए। तत्पश्चात सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार भाजपा पदाधिकारी के साथ नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 6 वनरक्षक आवास परिसर में पहुंचे जहां भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू संहिता अन्य पदाधिकारी के द्वारा राजस्व की भूमि बताते हुए सामुदायिक भवन निर्माण किए जाने को लेकर चर्चा की जिस पर सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार ने आवश्यक कार्यवाही हेतु एसडीएम बि आर खांडे को निर्देश दिया है। इस कार्यक्रम में इस कार्यक्रम में सुरेश साहु,राकेश साहू ,यतेंद्र पांडे ,दिनेश बारी, हर्षवर्धन पांडे महेश्वर राजवाड़े मदन राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता प्रशासनिक अधिकारी व सतनामी समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# रुपए नहीं रहने के कारण जूता नहीं खरीद सका पिता तो बेटे ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।
कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम असोला बरगाहपारा में एक बालक ने रविवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह पिछले 2-3 दिन से अपने पिता को जूता खरीदने के लिए बोल रहा था। पर पिता के पास रुपए नहीं होने के कारण बाद में खरीद देने की बात कही थी।

जानकारी के अनुसार रवि बरगाह पिता विनोद बरगाह उम्र 12 वर्ष कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम असोला बरगाहपारा का रहने वाला था। रवि कक्षा 8वीं का छात्र था। इसका जूता खराब हो चुका था। ठंड में स्कूल जाने में परेशानी हो रही थी। वह पिछले 2-3 दिनों से अपने पिता को जूता खरीदने के लिए बोल रहा था। पर पिता के पास रुपए नहीं होने के कारण बाद में खरीद देने की बात कही थी। रविवार की शाम को अपनी मां से जूता खरीदवाने के लिए जिद् कर रहा था। इस दौरान अचानक रवि गुस्से में आया और घर से दौडक़र बाहर निकला और अपने चाचा के घर में जाकर फांसी लगा लिया। इधर मां पीछे से दौडक़र जा ही रती थी की तब तक वह फांसी लगा चुका था। उसे तत्काल फंदे से उतारकर इलाज के लिए मिशन अस्पताल लाए। यहां चिकित्सकों ने जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।

# प्रशासन की मुस्तैदी से एक ही दिन में मैनपाट के ग्रामीणों की हो रही वापसी



» मैनपाट के ग्रामीणों के उत्तरप्रदेश के बागपत में बंधक बनाए जाने की सूचना सोशल मीडिया से प्राप्त होते ही कलेक्टर ने संज्ञान लेकर जरूरी कार्यवाही के लिये दिया निर्देश

» जिला प्रशासन द्वारा बागपत प्रशासन से किया गया तत्काल सम्पर्क,ग्रामीणों सकुशल आ रहे हैं वापस

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।
जिले के मैनपाट के ग्राम सुपलगा के लगभग 15 ग्रामीण उत्तरप्रदेश के बागपत जिले में श्रमिक के रूप में कार्य कर रहे थे। गन्ने के खेतों में श्रमिक का कार्य करने वाले इन ग्रामीणों को मालिक के द्वारा गृह जिले वापस नहीं आने दिया जा रहा था, साथ ही उन्हें मेहनताना भी नहीं दिए जाने की सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त होने पर कलेक्टर कुंदन कुमार ने संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन की टीम को तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए थे जिसपर प्रशासन की मुस्तैदी का परिणाम है कि आज ही ग्रामीणों की वापसी शुरू हो गई है।

उल्लेखनीय है कि पूरे मामले में प्रशासनिक टीम ने ततपरता के साथ बागपत प्रशासन से सम्पर्क कर मामले की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने स्वयं पुलिस अधीक्षक बागपत से बात कर श्रमिकों को सुरक्षित वापस लाने हेतु चर्चा की,वहीं संबंधित एसडीएम से नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार ने आवश्यक कार्यवाही हेतु चर्चा की। श्रमिकों में सुपलगा ग्राम के 19 वर्षीय रोहित,22 वर्षीय जसमन, 20 वर्षीय संदीप,22 वर्ष अजीत,19 वर्षीय हरीनाथ सहित लगभग 15 लोग शामिल हैं।

कलेक्टर कुंदन ने जानकारी देते हुए बताया कि सोशल मीडिया के द्वारा जानकारी प्राप्त होते ही जिला प्रशासन की टीम के द्वारा प्रयास कर बागपत प्रशासन से सम्पर्क किया गया। टीम द्वारा वहां के आला अधिकारियों से बात की है, सभी को सुविधा अनुसार वापसी की कार्यवाही की जा रही है तथा मेहनताना भुगतान के संबंध में भी बात की गई है। जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए सभी से सम्पर्क साधा जिसका परिणाम है कि एक ही दिन में त्वरित एक्शन लेते हुए ग्रामीणों की सकुशल वापसी कराई जा रही है।

# शहरी व्यवस्था दुरुस्त करने कलेक्टर हुए सख्त

## देर रात कलेक्टर प्रशासनिक अमले के साथ निकले निरीक्षण पर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)। कलेक्टर कुन्दन कुमार रविवार रात 10 बजे शहर के औचक निरीक्षण पर निकले। इस दौरान प्रशासनिक अमला भी उनके साथ रहा। कलेक्टर ने रात्रि भ्रमण के दौरान आकाशवाणी चौक में पौनी पसारी बाजार की व्यवस्था को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यापारी पौनी पसारी बाजार के बाहर मुख्य सड़क पर ठेले या अस्थाई दुकान नहीं लगाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्य चौक स्थल पर बसें नहीं रुकेंगी, इससे जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। उन्होंने बसों को चौक से आगे बढ़कर रोके जाने के निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ठेले आदि से अतिक्रमण भी नहीं होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने मौजूद विक्रेताओं से भी बात कर स्थिति का जायजा लिया।



### शिक्षकों की ड्यूटी लगाकर विशेष कोचिंग दिए जाने के निर्देश

इसके बाद आदर्श प्री मैट्रिक जनजाति और विशिष्ट प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति छात्रावास नवापारा में कलेक्टर कुन्दन ने औचक निरीक्षण किया। यहां स्वच्छता, आवासीय सुविधा में अव्यवस्थाओं से नाराज कलेक्टर ने सहायक आयुक्त और अधीक्षक को सख्त निर्देशित करते हुए व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण करते हुए बच्चों के शैक्षणिक स्तर से असंतुष्ट होकर मंडल संयोजक और अधीक्षक को नोटिस जारी किए जाने कहा। कलेक्टर ने बच्चों के बेहतर भविष्य के मद्देनजर शैक्षणिक स्तर को बढ़ाने शिक्षकों की ड्यूटी लगाकर स्कूल के बाद विशेष ध्यान देते हुए कोचिंग की सुविधा शुरू करने के निर्देश दिए।

उन्होंने राजस्व एवं पुलिस की टीम को संयुक्त रूप से नियमित छात्रावास एवं आश्रम के औचक रात्रि निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। बालिका छात्रावास निरीक्षण के समय साथ में महिला पुलिस कर्मी एवं महिला अधिकारी के साथ निरीक्षण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि रात में अधीक्षक या अधीक्षिका की छात्रावास में ही उपस्थित रहें। ठंड से बचाव हेतु पर्याप्त साधन उपलब्ध रहें। खिड़कियां, वेंटिलेशन ढके हो,भोजन गुणवत्ता, शैक्षणिक स्तर,शौचालय की स्थिति, परिसर में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### रिंग रोड से खेड़े ट्रकों को हटाने निगम प्रशासन को सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश

लगभग दो घंटे तक चले इस निरीक्षण में कलेक्टर ने रिंग रोड में खड़े ट्रकों को हटाने और सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने कलेक्टर ने पुलिस और निगम प्रशासन को निर्देशित किया। उन्होंने प्रतीक्षा बस स्टैंड में स्वच्छता,बसों के खड़े होने की व्यवस्था, बस स्टैंड के बाहर अवैध ठेले, गुमटी से सड़क पर हो रहे अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई करने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए। असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने की जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने थाना प्रभारी और एसडीएम अम्बिकापुर को लगातार निरीक्षण कर कार्यवाही करने कहा। इस दौरान उन्होंने बस स्टैंड पुलिस सहायता केंद्र में निरीक्षण किया और यहां बल बढ़ाने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया।

# पाकिस्तान में समय पर ही होंगे आम चुनाव,परिसीमन के खिलाफ दायर याचिका सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

इस्लामाबाद,18 दिसम्बर 2023। चुनावी सीमाओं के परिसीमन पर उठाई गए आपत्ति के खिलाफ पाकिस्तान उच्चतम यायालय ने फैसला सुनाया है। इस निर्णय से अगले साल आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। शीर्ष अदालत के हस्तक्षेप के बाद पाकिस्तान चुनाव आयोग द्वारा शुक्रवार रात पाकिस्तान में आम चुनावों का कार्यक्रम जारी किया गया है।




### दो निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर कोर्ट का फैसला

अंतरिम मुख्य न्यायाधीश सरदार तारिक की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने चुनाव आयोजन निकाय द्वारा किए गए परिसीमन को बदलने के बलूचिस्तान उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ ईसीपी द्वारा दायर अपील पर सुनवाई की। बलूचिस्तान प्रांत में झोब और शिरानी में दो निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के खिलाफ ईसीपी की अपील पर फैसले की घोषणा की गई। उच्चतम न्यायालय ने परिसीमन पर बीएचसी के फैसले को भी रद्द कर दिया।

चुनावी कार्यक्रम के जारी होने के बाद सभी चुनौतियां अप्रभावी

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति शाह ने कहा कि चुनाव कार्यक्रम जारी होने के बाद निर्वाचन क्षेत्रों को सभी चुनौतियां अप्रभावी हो गई हैं। साथ ही कहा कि किसी व्यक्ति को राहत देने के लिए चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को अमान्य घोषित कर दिया।

### बीएचसी के आदेश को किया रद्द

बीएचसी द्वारा बलूचिस्तान में दो निर्वाचन क्षेत्रों में परिवर्तन किए गए थे। पाकिस्तान चुनाव आयोग ने इसके खिलाफ शीर्ष अदालत का रूख किया था। पीठ ने दलीलें सुनने के बाद सोमवार को बीएचसी के आदेश को रद्द कर दिया,साथ ही चुनाव आयोग की अपील को स्वीकार कर लिया।

बता दें दो दिन पहले लाहौर उच्च न्यायाल द्वारा नौकरशाही से रिटर्निंग अधिकारियों और जिला रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्तियों को निलंबित करके चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने की अपील को खारिज कर दिया था। अगले वर्ष आठ फरवरी को चुनाव होने हैं और पाकिस्तान चुनाव आयोग ने शुक्रवार को एक विस्तृत कार्यक्रम जारी किया था,इससे पहले परिसीमन की प्रक्रिया 30 नवंबर को पूरी हो गई थी।

# श्रीलंकाई जलक्षेत्र से 14 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार, मछली पकड़ने के लिए गए थे,नौसेना की कार्रवाई

कोलंबो,18 दिसम्बर 2023 । श्रीलंका की नौसेना 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। उसने इन पर अपने जलक्षेत्र में कथित तौर पर मछली पकड़ने का आरोप लगाया है। मछुआरों की नाव भी जब्त कर ली गई है। इसके साथ ही इस साल गिरफ्तारियों की कुल संख्या लगभग 240 हो गई है।



### द्वीप राष्ट्र ने 2023 में गिरफ्तार किए 240 भारतीय मछुआरे

नौसेना ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इन मछुआरों को रविवार को उत्तरी जाफना प्रायद्वीप में कराईनगर के तट से गिरफ्तार किया गया। इस साल अब तक करीब 240 भारतीय मछुआरों को 35 ट्रॉलरों के साथ अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### छह दिसंबर को 21 भारतीय मछुआरों को किया था गिरफ्तार

इससे पहले छह दिसंबर को मन्नार और कोविलन के पास पूर्वोत्तर जल क्षेत्र से 21 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था और उनकी चार नौकाओं को जब्त कर लिया गया था।

### श्रीलंका के मत्स्य पालन मंत्री ने संसद में क्या कहा

देश के मत्स्य पालन मंत्री डगल देवानंद ने पिछले हफ्ते भारतीय मछुआरों के श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने की समस्या का जिक्र किया था। उन्होंने संसद में कहा था कि दोनों देशों के बीच इसके शीर्ष स्तरीय राजनयिक समाधान की जरूरत है। भारत और श्रीलंका के बीच यह एक विवादास्पद मुद्दा है।

### पाक जलडमरूमध्य में नौसेना ने भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी

श्रीलंकाई नौसेना के कर्मियों ने पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी की थी और श्रीलंकाई जल क्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने की कई कथित घटनाओं में उनकी नौकाओं को जब्त कर लिया था। पाक जलडमरूमध्य भारत के तमिलनाडु को श्रीलंका से अलग करने वाली पानी की एक संकीर्ण पट्टी है। यह दोनों देशों के मछुआरों के लिए मछली पकड़ने का एक समृद्ध क्षेत्र है।

# पेट्रोल से भरे कांच की बॉटल घर के बाहर फेंककर किया विस्फोट

- संवाददाता -

अंबिकापुर,18 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)। कोतवाली थाना क्षेत्र के महामाया रोड में रविवार की रात बदमाशों एक व्यक्ति के घर के बाहर ज्वलनशील पेट्रोल भरा तीन बॉटल फेंक कर नुकसान पहुंचाने की कोशिश की है। पेट्रोल से भरे बॉटल फेंकने से जोरधार धमाका हुआ है। धमाके की आवाज सुनकर घर वाले बाहर निकले तो पर्दे, बिजली मिटर में आग लगी हुई थी। घर वालों ने पड़ोसियों की मदद से आग बुझाया और मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 336, 285 व 436 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नजील उर्फ बाबू कोतवाली थाना क्षेत्र के महामाया रोड का रहने वाला है। 17 दिसंबर की रात को नलील अपने पूरे परिवार के साथ घर के अंदर था। रात करीब 9 बजे घर के बाहर जोरदार धमाकों के साथ बम फटने की आवाज सुनाई थी। आवाज सूनकर परिवार वाले घर के बाहर निकले तो दरवाजा, पर्दा, बिजली मिटर में आग लगी हुई थी। घरवालों ने पड़ोसियों की मदद से पहले आग बुझाया। इसके बाद देखा की कांच की तीन बॉटल पड़ी हुई है। जिसमें पेट्रोल भर कर घर के बाहर फेंका गया था। जिससे विस्फोट हुआ था। नजील ने मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। पुलिस ने मौके से कांच की बॉटल, बत्ती जब्त किया है। वहीं नजील की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# व्यस्ततम चौक-चौराहों पर,बस स्टैंड की एंट्री एवं एग्जिट प्वाइंट पर लगे ठेले-गुमटी व्यवस्थित तरीके से अन्यत्र होंगे व्यवस्थापित

- » निगम कमिश्नर ने राजस्व, पुलिस एवं निगम प्रशासन की बैठक लेकर बनाई रणनीति
- » रिंग रोड में भारी वाहनों की अवैध पार्किंग पर होगी नियमानुसार कार्यवाही
- » नगरीय व्यवस्था दुरुस्त रखने में सहयोग करने व्यवसायियों और आम जनता से अपील

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।



कलेक्टर कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा के निर्देश पर शहरी व्यवस्था को दुरुस्त करने रणनीति तैयार की गई है। इस संबंध में आयुक्त नगर पालिक निगम ने राजस्व, पुलिस एवं निगम प्रशासन की संयुक्त बैठक ली। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुपलेश एवं अनुविभागीय अधिकारी फागेश सिन्हा सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

रणनीति के तहत राजस्व,पुलिस,नगर निगम उड़न दस्ता टीम एवं एनयुएलएम की टीम संयुक्त रूप से कार्यवाही करेंगी। नगर के व्यस्ततम चौक-चौराहे पर लगाए गए ठेले-गुमटियों, सब्जी फल दुकानों को व्यवस्थित किये जाने जगह का चिन्हांकन किए जायेगा जिससे जाम की स्थिति से निजात मिल सके। रिंग रोड के फुटपाथ पर अवैध रूप से व्यवसायियों द्वारा लगाई जाने वाली दुकानों, सामग्री को व्यवस्थित किया जायेगा जिससे वाहनों के आवागमन में दिक्कत ना हो। बस स्टैंड में बस की एंट्री एवं एग्जिट प्वाइंट पर लगे ठेले एवं गुमटियों को व्यवस्थित तरीके से अन्यत्र व्यवस्थापित किए जाने के लिए जगह का चिन्हांकन करने तथा नियमानुसार समझाइश देने नगर निगम आयुक्त ने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर में भी वर्तमान चौपाटी के अलावा अन्य जगहों पर चौपाटी विकसित किए जाने आवश्यक स्थल का चिन्हांकन किया जाए।

### रिंग रोड में भारी वाहनों की अवैध पार्किंग पर होगी नियमानुसार कार्यवाही

नगरनिगम आयुक्त अभिषेक ने रिंग रोड में भारी वाहनों की अवैध पार्किंग पर नियमानुसार कार्यवाही किए जाने, अंबेडकर चौक के आसपास दुकानदारों द्वारा सामग्री रखकर सार्वजनिक मार्ग की ओर बाधा उत्पन्न किए जाने की स्थिति के मद्देनजर पर, ऐसे जगहों पर आवश्यक कार्यवाही सहित बनारस रोड पौनी पसारी बाजार के सामने व्यावसायिक दुकानदारों द्वारा सार्वजनिक मार्ग की ओर शेड निकाल दिए जाने के कारण मार्ग पर अवैध रूप से पार्किंग पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश टीम को दिए। उन्होंने उक्त बैठक में आम नागरिकों एवं व्यवसायियों को समझाइश दिए जाने तथा नगर की व्यवस्था बनाए रखने के प्रशासन का सहयोग करने आम जनता से अपील भी की है।

# जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता अण्डर-13 विजेता अभिनव एवं अण्डर 17 उपविजेता प्रणव



- संवाददाता -

सूरजपुर,18 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)। सूरजपुर जिला बैडमिंटन संघ सूरजपुर के तत्वाधान में बैडमिंटन क्लब सूरजपुर में जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 16 एवं 17 दिसम्बर को किया गया जिसमें जिले के सभी बैडमिंटन खिलाडियों ने सिरकत किया उक्त प्रतियोगिता में अण्डर-13 में विजेता का खिताब अभिनव निगम तथा उप विजेता का खिताब हर्षित कुशवाहा ने हासिल किया इसी क्रम में अण्डर-17 में विजेता के रूप में प्रिंस गुप्ता एवं उप विजेता के रूप में प्रणव निगम ने जीत का परचम फहराया। प्रणव निगम जो कि उक्त प्रतियोगिता में उप विजेता रहे ने पूर्व में अण्डर 14 में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में गोल्ड मेडल प्राप्त कर सूरजपुर जिले का नाम रोशन कर बुर्क है। अभिनव निगम एवं प्रणव निगम ने जीत का श्रेय अपने परिवारजनों के साथ-साथ अपने को श्री रॉकी लाम्बा सर को दिया है। उन्होने बताया कि वे कोच रॉकी लाम्बा के मार्ग दर्शन में भविष्य में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में सूरजपुर जिले का नाम रोशन करना चाहते हैं।

# प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जफर हैदर ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के बयान पर किया पलटवार

- संवाददाता -
सूरजपुर,18 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जफर हैदर ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि किसानों से वोट की लालच में कांग्रेस ने नहीं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने झूठ बोला है ,उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ?2 लाख तक का किसानों का कर्ज माफ करने का झूठा वादा चुनाव जीतने के लिए किया था और अब जब चुनाव जीत चुके है और प्रदेश में सरकार बन चुकी है तब अपने वादे से पलट कर छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ धोखा कर रहे हैं और अपने बचाव के लिए किसानों के बेहतर स्थिति का हवाला दे रहे हैं ।प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जफर हैदर ने कहा कि मैं विजय शर्मा जी को याद दिलाना चाहता हूं कि पिछली कांग्रेस सरकार ने 2018 के विधानसभा चुनाव में जो वायदे किये थे किसानों के कर्ज माफी और वायदे अनुरूप मूल्य पर किसानों के धान को खरीदने की उन समस्त वायदे को कांग्रेस सरकार ने पूरा भी किया और जीत हासिल करने के तुरंत बाद किसानों की कर्ज को माफ भी कर दिया और अलनी वायदे को निभाया था और निभाते आयी थी, जफर हैदर ने यह भी कहा कि अगर आज छत्तीसगढ़ किसान आर्थिक रूप से सक्षम हुआ है और प्रदेश के किसानों की स्थिति बेहतर हुई है तो यह हमारे किशानो की मेहनत और कांग्रेस सरकार की योजनाओं का असर है ,उन्होंने कहा कि आगे छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा जी अगर किसानों के सच्चे हितैषी हैं तो प्रदेश के किसानों का अपने वादे अनुरूप?2 लाख तक का कर्ज माफ करा के दिखाएं अन्यथा किशानो के साथ छलावा न करे।

# अवैध रूप से 40 टन नीलगिरी परिवहन करते दो ट्रक जब्त,कीमत ढाई लाख रुपये

- संवाददाता -
बतौली,18 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।




वन विभाग द्वारा लकड़ी तस्करों पर बड़ी कारवाई करते हुए 40 टन अवैध नीलगिरी का गोला दो ट्रकों में लोड बतौली सम्राट पेट्रोल पंप के समीप पकडा गया। जिसकी अनुमानित कीमत ढाई लाख रुपए बताई जा रही है।

बतौली विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में सरपंचों से सादे कागजों में ट्रांसपोर्ट परमिट बनवाकर नीलगिरी, सेमर, खम्हार के पेड़ों का धड़ल्ले से परिवहन काफी लंबे समय से किया जा रहा है। परन्तु छत्तीसगढ़ में सरकार बदलने के बाद बदलाव भी देखने को मिल रहा है। सीतापुर रेंज के रेंजर विजय तिवारी ने कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से परिवहन करते नीलगिरी पेड़ को दो ट्रकों में पकड़ा है।

अवैध परिवहन करते हुए जब्त किये गए 40 टन नीलगिरी लकड़ी के संबंध में दोनों ट्रक चालकों के पास कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाया गया। वाहन चालकों के पास एसडीएम, तहसीलदार का अनुमति प्रमाण पत्र भी नही था।और ना ही ग्राम पंचायत द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र मिला। वाहन चालकों के पास कोई भी वैध कागजात उपलब्ध नही मिला। जिसे सीतापुर वन विभाग के रेंजर विजय तिवारी की अगुवाई में वन विभाग के वनपाल बतौली राजेश बराडे, वनरक्षक जयपाल लकड़ा, देवेंद्र सिंह के द्वारा बतौली स्थित सम्राट पेट्रोल पंप के पास दोनों ट्रकों को पकड़ लकड़ी सहित जप्त किया गया है। जप्त लकड़ी और ट्रक को सीतापुर वन विभाग में रखा गया है।

वन विभाग के रेंजर विजय तिवारी ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना देने के बाद दो ट्रकों में जप्त लकड़ी विकासखंड बतौली के ग्राम पंचायत टेडगा से दो ट्रक क्रमांक यु पी 21 सीपी 8111 मे 17 नग नीलगिरी का गोला इसके चालक मोहम्मद हसीब पिता मोहम्मद गुफरान निवासी मुरादाबाद उत्तर प्रदेश तथा ट्रक क्रमांक एचआर 55 ए डी 6127 में 112 नग नीलगिरी का गोला वाहन चालक अब्दुल वारिस पिता वाहिद हुसैन निवासी मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से कुल 40 टन लकड़ी उत्तराखंड के शहजाद इंटरप्राइजेज लकड़ी मिल जशपुर दोनों ट्रक में ले जाया जा रहा था। जिस पर कार्रवाई करते हुए जप्त किया गया है। जिसकी अनुमानित कीमत ढाई लाख रुपए बताई जा रही है। लकड़ी के संबंध में वाहन चालकों के पास ग्राम पंचायत टेड़गा सरपंच देव कुमार का सील लगा हुआ कागज पड़ा हुआ था, जिसमें लकड़ी की संख्या कल 129 नग अंकित किया गया है। इसके अलावा दोनों वाहन चालकों के पास लकड़ी के संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं था। वन विभाग द्वारा वाहन चालकों के विरुद्ध बतौली थाने में भी मामला दर्ज करवाया गया है।

# गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर जिलास्तरीय अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का हुआ आयोजन

- » जनहितकारी योजनाओं सहित अस्पृश्यता निवारण हेतु विभिन्न कानूनी प्रावधानों के बारे में दी गई जानकारी
- » बाबा की जीवनी एवं उनके द्वारा सामाजिक समरसता के लिए दी गई शिक्षाओं से लोगों को कराया गया अवगत
- » अतिथियों ने सभी ग्रामवासियों के साथ एक साथ जमीन पर बैठकर किया भोजन, एकता और भाईचारे का दिया संदेश

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,18 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।





सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास की जयन्ती के अवसर पर रविवार 18 दिसम्बर को नगर पंचायत लखनपुर के सामुदायिक भवन में जिला स्तरीय अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरुआत भारत के संविधान के वाचन के साथ हुई। समाज में फैले छुआछूत की भावना तथा आडम्बर को दूर करने आयोजित शिविर में विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं अस्पृश्यता निवारण हेतु कानूनी प्रावधानों के सम्बंध में जानकारी दी गई। इस दौरान गुरू घासीदास की जीवनी एवं उनके द्वारा सामाजिक समरसता के लिए दी गई शिक्षाओं के बारे में उपस्थित जनों को अवगत कराया गया। उन्होंने 'मनखे-मनखे एक समान' के प्रेरक वाक्य के साथ यह संदेश दिया कि सभी मनुष्य एक समान है।

उपस्थित अतिथियों ने बाबा गुरु घासीदास तथा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन कर समाज एवं देश की प्रगति की कामना की । इस दौरान शालायी छात्र-छात्राओं के द्वारा गीत एवं नृत्य के माध्यम से सतनाम पन्थ की शिक्षा से सभी को अवगत कराया, इसके साथ ही बच्चों के द्वारा दी गई विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मनमोहा। इस दौरान सतनाम समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों को शाल और श्रीफल से सम्मानित किया गया। वहीं अस्पृश्यता उन्मूलन के सम्बंध में आयोजित भाषण, निबन्ध लेखन, रंगोली, पोस्टर जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसके पश्चात अतिथियों ने सभी ग्रामवासियों के साथ एक साथ जमीन पर बैठकर भोजन कर एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज बहुत शुभ दिवस है, इस अवसर पर हम सभी सद्भावना दिवस मना रहे हैं। अस्पृश्यता उन्मूलन शिविर का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि इस दिवस के मायने बहुत से हैं। उन्होंने कहा कि बाबा ने जो मार्ग लोगों को बताया है, उसे हमारे देश के संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर ने पहचाना और उसे आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि बाबा का उद्देश्य समाज को जागृत करना, समाज मे समरसता, समानता की भावना लाना था, उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया जिसका अर्थ है, सभी मनुष्य एक है। उन्होंने समाज मे फैली कुरीतियों को दूर करने, शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रति प्रयास किया। उन्होंने विभिन्न प्रावधानों के विषय में भी लोगों को बताया और सभी को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने तथा बच्चों को शिक्षित करने की अपील की। आलोक दुबे ने इस अवसर पर बाबा गुरु घासीदास की शिक्षा का उल्लेख करते हुए उनका अनुसरण करने की बात कही। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सूर्यवंशी महासभा के अध्यक्ष रघुवीर सूर्यवंशी ने भी बाबा की जीवनी के बारे में लोगों को बताया।

इस दौरान लखनपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष मोनिका पैकरा, नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री साहू, दिनेश साहू, विजय अग्रवाल, दिनेश गुप्ता,राजेन्द्र जायसवाल, विश्वनाथ गुप्ता, सुभाष अग्रवाल, सत्यनारायण तिवारी, भानुप्रताप मरकाम, हर्षवर्धन पांडे,सुरेंद्र साहू, रामनारायण दुबे सहित अन्य जनप्रतिधि उपस्थित थे। इस दौरान समाज प्रमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।


# कांग्रेस शासनकाल में जारी रही कोयले की अवैध तस्करी

# क्या भाजपा शासनकाल में होगी बंद?

## चिरमिरी में फिर शुरू हुई कोयले की अवैध तस्करी, खटीक एवं सोनकर ग्रुप तस्करी में संलिप्तःसूत्र

-रवि सिंह-
एमसीबी,18 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

नवीन जिले एम सी बी के नगरपालिका निगम क्षेत्र साथ ही कोयला नगरी क्षेत्र में फिर से कोयला तस्करी चोरी शुरू हो गई है ऐसा सूत्रों का दावा है।चिरमिरी के शमशान घाट के समीप खटीक एवम सोनकर ग्रुप द्वारा अवैध कोयले का कारोबार किया जा रहा है ऐसा सुनाई दे रहा है,चिरमिरी में जारी कोयला चोरी और तस्करी की बात यदि सही है तो अब यह सवाल उठता है की क्या कांग्रेस शासन काल से जारी अवैध कोयले का कारोबार चिरमिरी में बंद होगा? क्या इसको लेकर बंद कराने को लेकर वर्तमान भाजपा सरकार के जनप्रतिनिधि सामने आएंगे जबकि विपक्ष में रहते हुए भाजपा नेताओं ने ही चिरमिरी में जारी अवैध कोयले के कारोबार को लेकर काफी आवाज बुलंद की थी और यहां तक की विपक्ष में रहते हुए ही भाजपा के वरिष्ठ नेता और तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष ने भी चिरमिरी जाकर कोयला तस्करी मामले में तत्कालीन सरकार व्यवस्था साथ ही प्रशासन को आड़े हाथों लिया था और क्षेत्र में जारी कोयले के अवैध कारोबार को तत्कालीन सरकार की मिलीभगत से जारी कार्य बताया था और बंद करने की मांग की थी।



अब जब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है और जिले में भी भाजपा के ही विधायक चुनकर आए हैं ऐसे में देखना है की क्या वर्तमान सरकार और जनप्रतिनिधि कोयले के अवैध कारोबार को लेकर अपनी पूर्व की तरह की सक्रियता और प्रतिबद्धता दर्शाते हैं जो विपक्ष में रहते हुए वह दर्शाया करते थे और कोयला चोरी पूरी तरह से बंद कराने की बात किया करते थे। चिरमिरी में कोयला चोरी फिर से जारी है और बड़े स्तर पर जारी है ऐसी सूचना लगातार मिल रही है। कोयले के साथ चिरमिरी में अवैध कबाड़ का कारोबार भी तेजी से फल फूल रहा है और लगातार कबाड़ लेकर गाडियां दानिकुंडी जाना जारी रखे हुए हैं। चिरमिरी में अवैध कोयला और अवैध कबाड़ का कारोबार करने वाले वैसे तो बड़ी संख्या में हैं लेकिन नई सरकार के बनते ही प्रदेश में कुछ लोग फिलहाल इस कारोबार से दूरी बनाए हुए हैं जो पिछली सरकार के कार्यकाल में खुलेआम काम किया करते थे वहीं खटीक एवम सोनकर ग्रुप अब इस कारोबार को आगे बढ़ा रहा है और कहीं न कहीं वर्तमान सरकार के लिए एक प्रश्न खड़ा कर रहा है। प्रशासन सहित पुलिस भी मामले में मौन है। जबकि यह कारोबार दिन में भी जारी है। जैसा सूत्रों का कहना है। अब देखना यह है की खबर प्रकाशित होने के बाद क्या प्रशासन और पुलिस मामले में संज्ञान लेते हैं।

### कबाड़ चोरी भी चिरमिरी में है जारी,कबाड़ लेकर प्रतिदिन गाड़ियों का दानिकुण्डी जाना है जारी

चिरमिरी में कबाड़ चोरी और तस्करी भी जारी है। प्रतिदिन चिरमिरी से कबाड़ लेकर गाडियां दानिकुंडी जा रही हैं और जिसे रोकने में किसी की दिलचस्पी नहीं देखी जा रही है। कबाड़ चोरों ने दानिकुंडी को अपना नया ठिकाना बनाया हुआ है और वहीं से उनका कारोबार फलफूल रहा है । एस ई सी एल का कबाड़ कबाड़ चोरों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रहा है और वह कई बार जरूरत के भी सामानों की चोरी कर रहे हैं जो सुनने को मिलता रहता है।

### ओपन कास्ट खदान से कोयला भरा जाता है बोरी में फिर कोयला चोरों में से खटीक और सोनकर ग्रुप को दिया जाता है...

चिरमिरी के ओपन कास्ट से कुछ लोगों द्वारा कोयला बोरियों में भरा जाता है फिर उसे शमशान घाट के पास इकट्ठा किया जाता है फिर वहां से सोनकर और खटीक ग्रुप कोयले को उठाकर बेचता है। कोयले के इस कारोबार में सबकुछ बड़े तरीके से किया जाता है और सबकुछ तय रहता है। चोरी कर इकट्ठा करेगा कौन खरीदेगा और कौन उसे बाहर बेचेगा। अभी चिरमिरी में सोनकर एवम खटीक ग्रुप इस काम में संलिप्त है।

### क्या भाजपा की नई सरकार और नए जनप्रतिनिधि देंगे कोयला चोरी मामले में ध्यान,क्या होगा कोयला चोरी बंद?

प्रदेश में भाजपा की सरकार चुनाव जीतकर गठित हुई है,चिरमिरी में भी निर्वाचित जनप्रतिनिधि भाजपा के ही हैं ऐसे में क्या वह कोयला चोरी मामले में संज्ञान लेंगे क्या वह कोयला चोरी रोकने प्रयास करेंगे प्रशासन को निर्देश देंगे यह भी बड़ा सवाल है क्योंकि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भाजपा कोयला चोरी मामले को बड़ा मुद्दा बनाई हुई थी और लगातार स्थानीय विधायक पर हमलावर रहती थी क्या भाजपा अब अपनी ही सरकार में इस करोबार पर अंकुश लगाएगी यह देखने वाली बात होगी।

# निर्माण कार्य की राशि आहरण कर सचिव ने किया गबन..सप्लायर परेशान

## विखं सोनहत के पंचायत सचिव का अकल्पनीय कारनामा

## मेन्ड्रा,कैलाशपुर,केशगवां सहित जिन पंचायत में सचिव को मिला जिम्मा सभी जगह हुई जमकर भ्रष्टाचार

## जपं सीईओ,एसडीएम से महिनों पहले हो चुकी है शिकायत सरकार बदलते ही क्या अब होगी कार्रवाई?

-रवि सिंह-
कोरिया/सोनहत,18 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

यूं तो जनपद पंचायत व ग्राम पंचायत में कई अजीब मामले सामने आते है और अधिकारियों के उदासीनता के कारण दब भी जाते है, यह मामला जिला पंचायत कोरिया के अन्तर्गत विखं सोनहत के वर्तमान में ग्राम पंचायत केशगवां में पदस्थ सचिव श्याम लाल सूर्यवशी से जुड़ा है सचिव श्याम लाल के द्वारा पंचायत में हुए निर्माण कार्य की राशि गलत तरीके से आहरण कर बंदरबांट कर दिया गया है,जिसकी सिकायत जंप पंचायत सीईओ व एसडीएम सोनहत से महिनों पहले सप्लायर द्वारा किया गया है लेकिन वर्तमान समय तक सचिव के उपर कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे अब जिम्मेदार अधिकारी सवालों के घेरे में है।




### क्या है माजरा

यह मामला मेड्रा पंचायत का है जहां तत्कालीन सचिव श्याम लाल सूर्यवशी थे, वहां पंचायत द्वारा एक सीसी सड़क का निर्माण करवाया गया था जिसमें जमकर भ्रष्टाचार कर अंत में पानी टैंकर व टैंक्टर की हजारों रुपए भूगतान की राशि स्वयं आहरण कर पंचायत सचिव ने गबन कर दिया।जिसकी सिकायत अधिकारियों के फाइल में सोभा बढ़ा रही है।

### कब होगा कार्रवाई?

विखं सोनहत के भ्रष्टाचार पंचायत सचिव श्याम लाल पर अधिकारियों का संरक्षण कब तक रहता है यह तो समय बताएगा क्यों कि जिस तरह पंचायत सचिव ने अपने कार्य में अनोखे अंदाज में भ्रष्टाचार व लापरवाही किया है, सरकार बदल गई है अधिक समय तक अधिकारी भी संरक्षण नहीं दे पाएंगे ऐसे में साहब की कुर्सी खतरे की निसान को कैसे पार करेगी और प्रशासन मामले की गंभीरता को देखते हुए कब तक कार्यवाई करेगी सबसे बड़ा सवाल है, क्यों कि पीड़ित सप्लायर लगातार राशि भूगतान को लेकर गुहार लगा रहा है और अब जिला पंचायत सीईओ व कलेक्टर के समक्ष मामले को लेकर जाने की तैयारी में है।

### जहां हुए पदस्थ,वहीं किया ध्वस्त

यह जानकारी आश्चर्य चकित करने वाली है क्योंकि की श्याम लाल सूर्यवशी जिस भी पंचायत में पदभार संभालते हैं वहां भ्रष्टाचार व राशि गबन की आरोप न लगे ऐसा आज तक नहीं हुआ है, मेन्ड्रा से पहले ग्राम पंचायत कैलाशपुर में पदभार संभाल चुके श्याम लाल सूर्यवशी ने अनेकों भ्रष्टाचार किया जिसमें पुल पुलिया, सड़क, पंचायत मद की राशि में जमकर हेराफेरी किया। मामला यहीं नहीं रुका सचिव साहब ने कैलाशपुर में हितग्राही मूलक सौचालय में भी जमकर भ्रष्टाचार किया और बीना सौचालय निर्माण के लाखों की राशि निकाल लिया जिसकी सिकायत भी हुई पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### भ्रष्टाचार के आरोप में पहले गिरा था विकेट

सालों पहले उक्त सचिव पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा था। जिसकी प्रशासनिक जांच हुई थी और आरोप सिद्ध होने पर पद से हटाया भी जा चुका है। लेकिन उस कार्यवाही से भी सचिव साहब ने सिख नहीं लिया है।

### केशगवां में किया डबल गेम

सचिव महोदय ने विखं सोनहत के ग्राम पंचायत केशगवां में तो डबल गेम ही खेल दिया पीड़ित सप्लायर के मुताबिक यहां श्याम लाल सूर्यवशी ने निर्माण कार्य में मटेरियल लेने वाले को भूगतान न कर दुसरे के नाम पर चेक जारी कर भूगतान आहरण की रिकॉर्ड बना दिया है,यहां भी सचिव श्याम लाल सूर्यवशी ने चाहे 15 वें वित्त से निर्माण कार्य की बात हो चाहे देवगुड़ी, मुरम ढूलाई, व सेंड निर्माण हो या गौठान में यूटिलिटी की बात हो सभी कार्य में जमकर भ्रष्टाचार किया है और मटेरियल सप्लायर को भूगतान न कर लाखों की राशि गबन करने का काम किया है।

# जिले के 30 हजार से अधिक परिवारों को मिलेगी पीएम आवास का मिलेगा लाभ

-संवाददाता-
जशपुरनगर,18 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में विगत दिनों आयोजित कैबिनेट की प्रथम बैठक में राज्य के ग्रामीण अंचल के आवासहीन के लिए अहम फैसला लिया गया। राज्य में 18 लाख 12 हजार 743 जरूरतमंद परिवारों को तत्परता से आवास की स्वीकृति देने के साथ ही आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। जशपुर जिले में 30 हजार से अधिक परिवारों को भी इसका जल्द लाभ मिलेगा। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीब तबके के लोगों का अपना पक्का मकान बनाने का सपना साकार हो रहा है। जिन परिवारों को पूर्व में राशि नहीं मिली एवं जिन परिवारों का आवास के लिए स्वीकृति हो गई उन्हें जल्द ही निर्माण की मंजूरी देने के साथ ही राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ऐसे गरीब परिवारों को घर मुहैया कराया जा रहा है, जिनका सामाजिक एवं आर्थिक जनगणना 2011 की पात्र परिवार की सूची में नाम दर्ज है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत सभी बेघर और जिनके घरों में मरम्मत की आवश्यकता है, ऐसे परिवारों को मकान बनाने के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। हितग्राहियों के खातें में राशि अंतरित करने के बाद राशि का सही जगह उपयोग हो अर्थात जारी राशि से आवास का ही निर्माण कार्य कराया जाये इसकी सतत मानिटरिंग की जा रही है। हितग्राही प्रेरित होकरप्राप्त राशि से आवास निर्माण करा रहे है। नई सरकार के इस निर्णय के बाद हितग्राही खुश हैं और वे इसके लिए मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद दे रहे हैं। इस योजना से लोगों को अपने कच्चे आवासों से मुक्ति मिलेगी और योजना से लाभान्वित सभी हितग्राही अपने पक्के आशियाने में खुशहाल जिंदगी बसर कर पाएँगे।



# किसानों का शत प्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के निर्देश

-संवाददाता-
जशपुरनगर,18 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ अधिक से अधिक किसानों को मिले इसके संबंध में आज कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, बैंकर्स की बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा उपस्थित थे।

कलेक्टर ने केसीसी कार्ड बनाने के लिए किसानों से लगने वाले दस्तावेजों की जानकारी ली। संबंधित बैंकर्स ने बताया कि किसानों का चार फोटो, आधार कार्ड अथवा पैन कार्ड,बी वन, पी टू या ऋण पुस्तिका का छाया प्रति, एवं नॉमिनी का आधार कार्ड का दस्तावेज लगेंगे। कलेक्टर ने व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देशित किया कि किसान क्रेडिट कार्ड के लिए जो किसान वंचित है उन्हें चिन्हांकित कर वांछित दस्तावेज प्राप्त करने के निर्देश दिए तथा केसीसी शत प्रतिशत शेष बचे हुए किसानों का बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने केसीसी बनाने के लिए कार्य योजना बनाने कहा तथा कनिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को 50 केसीसी का लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए ।विकासखंडवार केसीसी के प्रगति एवं उपलब्धि गूगल शीट में एंट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड शत प्रतिशत बनाने के लिए अभियान चलाने निर्देश दिए। बैठक में उपसंचालक कृषि, लीड बैंक मैनेजर, अपेक्स बैंक नोडल अधिकारी, सहायक पंजीयक सहकारिता, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एवं अन्य बैंकर्स उपस्थित थे।



# चार मुंगेरीलाल भाजपा प्रत्याशी को निपटाने की देख रहे थे सपने...

# जीत के बाद सबसे पहले खाई मिठाई

-रवि सिंह-
कोरिया/सोनहत 18 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

बिते विधानसभा चुनाव में अजब-गजब मामले सामने आए जिसमें बड़े बड़े नेताओं ने चुनाव के दौरान अपनी गुणा गणित फीट किया और परिणाम को उलट पलट कर रख दिया,कुछ ने भाजपा प्रत्याशी को निपटाने की खुब योजना बनाई परंतु सही समय में मामले का पर्दाफाश हुआ और भाजपा प्रत्याशी के लिए परिणाम साकारात्मक आया।

बात करे भरतपुर सोनहत की तो विधानसभा स्तर पर किन किन लोगो ने गड़बड़ किया है जीते हुए प्रत्याशी को भली-भांति पता है। यहां तक कि पैसे और चुनाव सामग्री तक में गड़बड़ी करने वालों की भी लिस्ट बन चुकी है।

जिसमें सोनहत में भी भाजपा से कुछ नाम चिन्हांकित किये गये है जो लोग निष्ठावान कार्यकर्ताओं व सक्रिय प्रभावशाली कार्यकर्ताओं को नाराज कर या उपेक्षित कर खुद की गणित से भाजपा प्रत्याशी को निपटाने की योजना बना कर बैठे थे।

### जीत के बाद खुद की पिठ थपथाई

यह बातें आम हो गई है कि राजनीति में मेहनत करने वाला शख्स अक्सर शांत होता है लेकिन विरोधी व चापलूसी करने वाले व्यक्ति जीत के बाद पहले माला व ढोल बाजे के साथ जीतने वाले का स्वागत करता है और मिठाइयां बांटकर वाहवाही लेता है व खाश बताने की कोशिश करता है। ऐसा ही कुछ माजरा देखने को मिला जिन लोगों ने भाजपा प्रत्याशी के लिए मेहनत किया और लगातार पांच सालों से कांग्रेस के विधायक व सता का विरोध कर प्रताड़ित हुए चुनाव में जमकर काम किया यहां तक कि चुनाव के दौरान सत्ताधारी नेताओं के बलपूर्वक लड़ाई-झगड़ा का मूहतोड जवाब देते हुए दबदबा कायम किया और भाजपा को मजबूत किया तथा परिणाम भाजपा के पक्ष में कर दिया। ऐसे लोगों को किनारे कर के चार मुंगेरीलाल ने अपनी खुद की पिठ थपथाई और बैठक कर कुछ कार्यकर्ताओं को बुलाकर खूद माला भी पहन लिया। इन लोगों ने अपनी नेतागीरी चमकाने के लिए दुसरे व्यक्ति से मिठाई लेकर अपनी वाहवाही लूटने के लिए भी बांट डाली और मेहनत और जीत के हकदार कार्यकर्ताओं को पूछा तक नहीं। मुंगेरीलाल यही नहीं रूके बकायदा सूट बूट पहनकर सरकारी कार्यालयों में भी अपनी धोस दिखा कर आ गये।

### युवाओ ने निकाली हवा

यह जानकारी तो भाजपा के प्रत्याशी व रणनीतिकारों को भी पता है कि सोनहत में कांग्रेस से पिछे चल रही भाजपा अचानक लडाई में एकतरफा आ गई जिसमें सबसे बड़ा योगदान युवा फौज की रही जिनपर पहले भरोसा न जताकर कुछ लोगों ने पहले किनारे कर रखा था लेकिन रणनीतिकारों ने युवा ताकत को समझ कर काम में लगा दिया और चुनावी फिजा को बदलकर रख दिया इनके सामने सत्तापक्ष की हवा निकल गई। लेकिन कुछ लोग अपनी नेतागीरी चमकाने के लिए युथ को किनारे लगाने की मंशा बनाये बैठे हैं। अब ऐसे में चारों मुंगेरीलाल के हसीन ख्वाब पुरे होते हैं या नहीं देखने लायक बात होगी क्योंकि वर्तमान में निर्वाचित विधायक चुनाव के दौरान जिन लोगों के गलत हरकतों व चालबाजी से परेशान हुई और नाव डूबने की कगार पर आ गई थी ऐसे लोगों को माफ करेंगी या नहीं बड़ा सवाल है?

### मोबाइल का माजरा

ये तो आम बात है कि चुनाव के दौरान कुछ नेता पार्टी के पैसे से सुटबूट कपड़े जूता जैसी अन्य चीजें जुगाड कर लेते हैं, इसकी जानकारी भी उपर के लोगों को होती है लेकिन चुनाव में कोई नुक्सान न हो यह सोच कर चुप रहते हैं। लेकिन सोनहत में तो चुनाव के दौरान भाजपा के चार मुंगेरीलाल ने तो महंगी महंगी फोन ही खरिद लिया, अब मंहगी चीजें जुगाड करने वाले लोग क्या जाने की चुनाव में दिवार के भी कान खुले होते हैं। कार्यकर्ताओं में यह बात फैल गई परंतु चारों मुंगेरीलाल को कुछ बोलने की हिम्मत किसी में नहीं हुई लेकिन यह खबर भी भाजपा प्रत्याशी के कानों तक पहुंच गई। और फोन लेने वाले नेताओं को लग रहा है कि ऐसे घटिया सोच रखने के बाद भी हम भारी नेता हैं।

### पैसा व समाग्री में हेर-फेर

बिते विधानसभा चुनाव में सोनहत भाजपा के मुंगेरीलालों ने पहले तो कार्यकर्ताओं के खर्च में गड़बड़ी किया उसके बाद कार्यक्रमों में लगने वाली वाहनों के नाम पर भी मोटी रकम निगल लिया इतना ही नहीं चुनाव प्रचार के लिए आये हुए समाग्री को भी अपने अपने पास दबा कर रख लिया और बंदरबांट कर दिया।

# खड़गवां सेंट्रल बैंक नहीं देता हितग्राहियों को सम्मान

## बुजुर्ग महिला पुरुष तक घंटों लाइन में खड़े होने को मजबूर,शिकायत सुनने वाला कोई नहीं है,शिकायत करें भी तो हितग्राही किससे ?

-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,18 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

खड़गवां सेंट्रल बैंक में काफी सुर्खियां बटोर रहा है नये नये कारनामों के लिए क्षेत्र से आए ग्रामीणो के द्वारा आये दिन किसी ना किसी बात को लेकर चर्चा का विषय बना रहता है।

ऐसे कई मामले इस शाखा के है जो इस खड़गवां बैंक में पहली पोस्टिंग में पदस्थ हुए और उनके द्वारा इस खड़गवां सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का उद्घाटन वर्ष 1979-1980 में किया था और बडी मेहनत और लगन से किया गया था उन्होंने ने खड़गवां बैंक में अपना क्या क्या योगदान किया और हुआ और रिटायर्मेंट के बाद आज इस सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा खड़गवां में अपना पेट्रोल पंप का व्यवसाय शुरू किया उन्होंने ने अपनी आप बीती को ग्राम पंचायत खड़गवां ग्रुप में शेयर भी किया है उन्होंने ने बताया कि मेरा स्थानांतरण चिरमिरी से रायगढ़ हो चुका था अगस्त 1978 में मैं रायगढ़ से खड़गवां




छुट्टी में आया हुआ था चिरमिरी सेंट्रल बैंक के तत्कालीक शाखा प्रबंधक श्री एस सी मुखर्जी खडगांव आए हुए थे मुझे खडगामा में देखकर बड़े खुश हुए मैंने चिरमिरी शाखा में 5 वर्ष 1973 से 1978 तक काम किया था उन्होंने रायपुर डिवीजन मैनेजर से अनुमति लेकर मेरी तुरंत अस्थाई नियुक्ति खरगोन में करवा दिया मैंने उसे समय एक-एक ग्राहकों से मिलकर सेविंग एवं रन के प्रकरण तैयार किया मुझे उसे समय बहुत अच्छा रिस्पांस मिला था जब तक हम अपने कार्य स्थल एवं उनके निवासियों से जुड़ाव पैदा नहीं करेंगे तो हमें सफलता कभी नहीं मिलेगी बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि इसी शाखा में आज कोई पहचान नहीं है मेरे छोटे-छोटे कार्यों में अपेक्षा एवं दाल मेटल किया जाता है उसे समय के ग्राहक आज भी मे है जो गवाह रहे हैं ग्राहकों से अच्छे संबंध बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए वर्तमान शाखा प्रबंधक ये नहीं सोचे की शिकायत हो रही है समय के साथ एवं ग्राहकों के साथ चलना होगा तभी व्याप्त असंतोष दूर होगा।

### घंटों इंतजार के बाद हो जाता है है लिंक फेल

खड़गवां सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शाखा में आए हितग्राहियों को घंटों इंतजार के बाद लिंक फेल होना बता कर वापस किया गया। जिससे हितग्राहियों में काफी रोष दिखाई दे रहा है। इन हितग्राहियों में कई हितग्राही सरकारी कर्मचारी भी है जो बैंक संस्था से कुछ समय के लिए छुट्टी लेकर बैंक के काम के लिए आते हैं और कई कर्मचारियों को बैंक का काम करते हुए कार्यलय भी पहुंचना होता है और उन्हें घंटों इंतजार के बाद लिक फेल होना बताकर वापस कर दिया जाता है। सेंट्रल बैंक में हितग्राही ने बताया कि निकासी फार्म के लिए भी घंटों इंतजार के बाद प्राप्त हो रहा है बैंक में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सेंट्रल बैंक खड़गवां में हितग्राहियों को बैंक के काम के लिए या बैंक के दस्तावेज प्राप्त करने के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है।

### क्या कहतें है हितग्राही

सेंट्रल बैंक शाखा खड़गवां आये हितग्राहियों ने बताया कि पिछले दो दिनों से बैंक आ रहे हैं कल आये तो पता चला कि बैंक के गेट पर लिक फेल होने का बोर्ड लगा हुआ था और आज बैंक आये तो एक घंटे लाइन में खड़े होने के बाद बैंक के स्टाफ ने बताया कि लिंक फेल है ये समस्या खड़गवां के सेंट्रल बैंक शाखा में ही आये दिन बनी रहती है अगर किसी हितग्राही के द्वारा गलती से पूछ लिया कि ऐसा क्यों होता है तो ये कहा जाता है कि ज्यादा बहस करते हो ग्रामीण आंचल से आए ग्रामीण ने भी सेंट्रल बैंक में हो रही समस्या से काफी परेशानी हो रही है। इस तरह सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया खड़गवां की व्यवस्था भगवान भरोसे संचालित है। बैंक के हितग्राही शिकायत करे भी तो किससे कौन है इनका सुनने वाला जिससे ये हितग्राही शिकायत कर सके?

# एसईसीएल कोरबा क्षेत्र में 'लीडरशीप एवं टीम डायनामिक्स' पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

-संवाददाता-
कोरबा,18 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

एस.ई.सी.एल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा द्वारा की गयी पहल नचिकेता के अंतर्गत एस.ई.सी.एल. कोरबा क्षेत्र में एस.आर.सी. क्लब-कोरबा क्षेत्र में 'लीडरशीप एवं टीम डायनामिक्स' पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कराया गया द्य उक्त कार्यशाला में मुख्य अतिथि हिमांशु डोंगरे (आई.एफ.एस., कोरबा वन मंडल) द्वारा वन्यजीव सरंक्षण पर रोचक जानकारी प्रदान की साथ ही बताया कि पृथ्वी को सभी के लिए बेहतर रहने के लायक कैसे बनाया जाए। कार्यशाला में शैख़ ज़ाकिर हुसैन मुख्य प्रबंधक (खनन), एस.ई.सी.एल. मुख्यालय) द्वारा लीडरशिप एवं टीम डायमिक्स विषय पर



उपस्थितों को संबोधित किया गया। इस अवसर पर टीम बिल्डिंग पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी, जिसमे कोरबा क्षेत्र के अधिकारीयों व कर्मचारीयों ने बड़े ही उत्साह के साथ हिस्सा लिया द्य इस कार्यशाला का सफ़ल संपादन कोरबा क्षेत्र के महाप्रबंधक महोदय, दीपक पंड्या के मार्गदर्शन में पर्यावरण व वन विभाग, क्षेत्रीय मुख्यालय, कोरबा क्षेत्र द्वारा कराया गया। कार्यक्रम का संचालन विनोद सिंह, मैनेजर ( कार्मिक), कोरबा क्षेत्र एवं धन्यवाद ज्ञापन नोडल अधिकारी वन एवं पर्यावरण स्वप्निल सुमन द्वारा दिया गया।

# नवजात शिशु को कचरा संग्रहण स्थल पर छोड ममता को किया शर्मसार,हुई मृत्यु

-संवाददाता-
कोरबा,18 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक नवजात शिशु को कचरा संग्रहण स्थल पर किसी के द्वारा छोर जाने की बात आई सामने । घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है जहां शहर के कचरा संग्रहण के पास जिंदा नवजात शिशु के मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया । बताया जा रहा के सुबह सड़क किनारे कचरा संग्रहण स्थल पर एक नवजात की रोने की आवाज राहगीरों को सुनाई दी जिस पर



राहगीरों के द्वारा जब स्थल का निरीक्षण किया गया तो वहां एक नवजात शिशु पर लोगों की नजर पड़ी । जिस पर राहगीरों ने तत्काल बच्चे को वहां से उठा कर मातृछाया के पालना घर के झूले में छोड़ा।तत्पश्चात मामले की जानकारी पुलिस को देने के साथ साथ बच्चे को अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान नवजात शिशु की मौत हो गई । पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है । नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का ने बताया कि नवजात के वारिश की खोज की जा रही है, जिसके लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं । जिससे इस घिनौने कृत्य को अंजाम देने वाले व्यक्ति का जल्द से जल्द पता लगाया जा सके।

# आज मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंचेगी जिले के 6 ग्राम पंचायतों तक



-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,18 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

विकसित भारत संकल्प यात्रा आज 19 दिसम्बर को विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ के ग्राम पंचायत बरबसपुर के पंचायत भवन में सुबह 10:00 से 01:00 बजे तक, तथा ग्राम पंचायत उजियारपुर के पंचायत भवन में दोपहर 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक, विकासखण्ड खड़गवां के ग्राम पंचायत पोडीडीह में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक, ग्राम पंचायत कोडागी के ग्राम पंचायत प्रांगण में दोपहर 02:00 बजे से साय 05:00 बजे तक, इसी प्रकार विकासखण्ड जनकपुर के ग्राम पंचायत मैनपुर ग्राम पंचायत मैदान में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक तथा ग्राम पंचायत बेनीपुरा ग्राम पंचायत मैदान में दोपहर 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक रहेगी तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जहां केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन की पूरी तैयारी है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ हर क्षेत्र में पहुंच सके। इसके लिए जिला प्रशासन ने शिविर को प्रतिदिन दो पाली में बांट दिया है। एक ही ब्लॉक के दो स्थानों में एक शिविर का समय प्रातः 10:00 बजे और दूसरे शिविर का समय दोपहर 2:00 बजे रखा गया है।

# संविदा कर्मी पर कार्यवाही की मांग,संघ आया सामने


## मामले ने पकड़ा तूल

-संवाददाता-
कोरिया,18 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग में बीते 9 माह के लंबित वेतन की मांग करने पर उन्हें खड़ा कर बेइज्जत करने वाले संविदा कर्मी के खिलाफ अब छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने मोर्चा खोल दिया है, बैकुंठपुर में प्रांतीय कोषाध्यक्ष की मौजूदगी में बैठक कर सीएमएचओ को पत्र देकर कार्यवाही की मांग की गई है। मामले को किसी भी तरह शांत करने अब पीडितों के माता पिता पर दबाव बनाया जा रहा है। कांग्रेस सरकार में जारी मनमानी भाजपा सरकार में भी जारी है।

शुक्रवार को जिला अस्पताल बैकुंठपुर में छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के साथ जिले भर के संघ के पदाधिकारी और कर्मचारियों की बैठक हुई। जिसमें संविदा कर्मचारी के द्वारा महिला सीएचओ के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने के कारण एक महिला सीएचओ बेहोश हो गई थी जिसे अस्पताल में भर्ती किया गया जो अभी भी भर्ती है। इन्हे विगत 9 माह से कार्य आधारित वेतन भी भुगतान न कर प्रताड़ित किया जा रहा है । वेतन की मांग करने पर मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना तो दिया ही जा रहा था वहीं सरेआम बेइज्जत भी किया गया । जिला चिकित्सालय में हुई बैठक में पीड़ितों के साथ जिला अध्यक्ष एसएस जायसवाल जिला श्री गौतम के साथ प्रांतीय पदाधिकारी सीएचओ प्रकोष्ठ सोहन कुंभकार, जिला संयोजक अविनाश तिग्गा के साथ संघ जिला कार्यकारणी के सदस्यों की उपस्थिति रहे, सभी ने सीएमएचओ कार्यालय पहुंच कर सीएमएचओ से दोषी संविदा कर्मी को प्रभार से पृथक करने, नियमानुसार विभागीय कार्यवाही करने की लिखित मांग की गई, फिलहाल सभी पीड़ित महिला सीएचओ द्वारा महिला कर्मी उत्पीड़न समिति में शिकायत दर्ज करने को कहा गया, पीड़ितों द्वारा दिनांक 19 दिसंबर को समिति के समक्ष शिकायत प्रस्तुत किया जाएगा। संघ द्वारा मिशन संचालक, कलेक्टर कोरिया एवं सीएमएचओ को भी प्रमाणित दस्तावेजों के साथ संविदा कर्मी के विरुद्ध शिकायत कर कार्यवाही की मांग की।





### एक दिन का वेतन काटने का नोटिस

सीएमएचओ कोरिया ने सीएचओ की बात सुने बिना उनके द्वारा 9 महिने का बकाया मांगे जाने के लिए बैकुंठपुर स्थित कार्यालय आने पर नोटिस जारी किया गया है, नोटिस में उन्हें बिना उच्च अधिकारी के अनुमति के सीएमएचओ कार्यालय में घूमते पाए जाने की बात लिखी गई है, उन्होनें बीएमओ और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को पत्र लिखकर सभी महिला सीएचओ को घूमते देखे जाना बताया है, जबकि ,खुद सामने ना आकर संविदा कर्मी से उनपर दबाव डाला जा रहा था और तो और इस नोटिस दिए जाने को लेकर जिला प्रशासन बेहद खुश है। महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार पर जिला प्रशासन ने किसी भी प्रकार का संज्ञान नहीं लिया है, जबकि सभी महिला सीएचओ ने उनके साथ इुई घटना के तुरंत बाद लिखित शिकायत की है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेद्रगढ़ में किया गया अपेंडिक्स का सफल ऑपरेशन

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,18 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

विकासखंड मनेद्रगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 16 दिसंबर 2023 को अपेंडिक्स का सफलतापूर्वक (ओपन-सर्जरी) ऑपरेशन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेद्रगढ़ में आकाश तिवारी, पिता चंद्रकांत तिवारी, उम्र 22 वर्ष निवासी छोटा बाजार, चिरमिरी का पेट में अपेंडिक्स इनफेक्टेड होकर फट गया था। जिसका सफलतापूर्वक ऑपरेशन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सर्जन डॉ. प्रसून टोप्पो एवं उनके टीम द्वारा 2 घंटे की कड़ी मेहनत के उपरांत किया गया। बताया जाता है कि यह ऑपरेशन साधारण ऑपरेशन नहीं था। क्योंकि अपेंडिक्स इनफेक्टेड था। जिसके कारण ऑपरेशन करके उसे निकालना बहुत आवश्यक था। इस ऑपरेशन में डॉक्टर प्रसून टोप्पो के सहयोगी के रूप में सुबीना डेविड स्टाफ नर्स एवं मुकेश शर्मा द्वारा सहयोग प्रदाय किया गया। उक्त ऑपरेशन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सुरेश तिवारी की जानकारी में किया गया।

# प्रशासन के आदेशों का रेत तस्करों द्वारा खुलेआम उड़ाया जा रहा धज्जियां

-राजा मुखर्जी-
कोरबा,18 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

जिले में विगत एक सालों से लगातार रेत तस्कर हैं सक्रिय । विभागों के द्वारा कई बार कार्यवाही किए जाने के बावजूद रह तस्कर हैं सक्रिय। रेत तस्करी को रोकने के लिए कई बार प्रशासन द्वारा कड़े आदेश भी दिए गए पर रेत तस्करों के मनोबल के आगे सारे आदेश विफल । संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जाने पर भी कोरबा में रेत की चोरी रुकने का नाम नहीं ले रही है। विधानसभा चुनाव में रेत चोरी का मुद्दा खूब गरमाया था। विपक्ष ने जोर-शोर से मुद्दे को उठाया और सरकार बदली,





लेकिन रेत चोरों और उनके कृत्य पर कहीं भी जरा सा भी बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है। दरअसल, कोरबा के प्रवेश द्वार सीतामढ़ी के पास कोरबा का सबसे बड़ा रेत घाट है। यहां से सर्वाधिक रेत निकाली जाती है। जब रेत निकालना वैध था, तो यहां से प्रतिदिन दर्जनों ट्रैक्टर रेती बाहर निकालकर जरूरतमंदों के निर्धारित स्थान पर पहुंचाई जाती थी, लेकिन पिछले लगभग तीन वर्षों से रेत घाट का आवंटन नहीं किया गया। जिसका लाभ रेत माफिया ने उठाया और सीतामढ़ी रेट घाट से प्रतिबंध के बाद भी दर्जनों ट्रैक्टर प्रतिदिन रेत निकाल रहें है। खनिज विभाग ने रेत तस्करी रोकने के लिए रेत घाट में एक बैरियर लगाया पर रेत माफियाओं के आगे बैरियर की एक न चली और बैरियर तोड़कर फिर से रेत माफियाओं ने अपना काम शुरू करते हुए प्रशासन के सारे आदेशों को तक पर रखते हुए खुलेआम प्रशासन के नाक के नीचे से रेत चोरी को अंजाम दे रहे है ।

आवश्यकता है

दैनिक अख़बार घटती घटना में मशीन हेल्फर की आवश्यकता है

कार्य समयः शाम 7 बजे से देर रात तक

योग्यता 10वीं पास

वेतन 7000 से 10000

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें

संपर्क-संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,नमनाकला अंबिकापुर सरगुजा छत्तीसगढ़, मो. 9826532611

# आज होगी आईपीएल 2024 के लिए नीलामी

## ये पहली बार होगा जब आईपीएल में खिलाड़ियों की नीलामी देश से बाहर यानी विदेश में होगी

» दुबई में इस एरिना हाई प्रोफाइल इवेंट का आयोजन होगा...

» बीसीसीआई ने उन 333 खिलाड़ियों के नाम शेयर किए हैं जो आईपीएल की मिनी ऑक्शन में शामिल होंगे...




**नई दिल्ली,18 दिसम्बर 2023।** इंडियन प्रीमियर लीग के 2024 सीजन के लिए खिलाड़ियों की बोली कल यानी मंगलवार 19 दिसंबर को होगी। ये पहली बार होगा जब आईपीएल में खिलाड़ियों की नीलामी देश से बाहर यानी विदेश में होगी। दुबई में इस एरिना हाई प्रोफाइल इवेंट का आयोजन होगा। बीसीसीआई ने उन 333 खिलाड़ियों के नाम शेयर किए हैं जो आईपीएल की मिनी ऑक्शन में शामिल होंगे। 10 टीमों के बीच 77 स्लॉट खाली हैं। इसका मतलब ये है कि 333 में से 77 खिलाड़ी नीलाम होंगे जिनमें से 30 विदेशी रहेंगे।

आईपीएल 2024 सीजन के लिए नीलामी भारतीय समयानुसार दोपहर 1 बजे से शुरू होगी। आईपीएल 2024 नीलामी की लाइव स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा पर उपलब्ध होगी। जबकि स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क अपने कई चैनलों पर इस कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

### वहीं इस बार नीलामी में कुल कितने खिलाड़ी उपलब्ध रहेंगे?

कुल 333 खिलाड़ियों की नीलामी होगी जिनमें 214 भारतीय और 119 विदेश खिलाड़ी शामिल हैं।

### एक टीम ज्यादा से ज्यादा कितने खिलाड़ी रख सकती है?

हर आईपीएल टीम ज्यादा से ज्यादा 25 सदस्य और न्यूनतम 18 सदस्य हो सकते हैं। हर टीम में अधिकतम आठ विदेशी खिलाड़ी हो सकते हैं।

### रिटेन किए गए खिलाड़ी की संख्या कितनी है और आईपीएल 2024 की नीलामी में टीमों के लिए शेष राशि कितनी है?

आईपीएल की 10 टीमों ने कुल मिलाकर 173 खिलाड़ियों को रिटेन किया है, जिनमें 50 विदेशी क्रिकेटर हैं। सीएसके, लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद ने सबसे ज्यादा 19 खिलाड़ियों को रिटेन किया है।

### आईपीएल 2024 के लिए ऑक्शन कौन होगा?

आईपीएल 2024 के लिए ऑक्शन मल्लिका सागर होंगी। ये आईपीएल इतिहास में पहली बार होगा जब कोई महिला ऑक्शनर द्वारा नीलामी आयोजित की जाएगी।


### टीमों के पर्स में कितना हैबकाया?

सीएसके- 31.4 करोड़ रुपये
डीसी- 28.95 करोड़ रुपये
जीटी- 23.15 करोड़ रुपये
केकेआर- 32.7 करोड़ रुपये
एलएसजी-13.9 करोड़ रुपये
एमआई- 15.25 करोड़ रुपये
पीबीकेएस- 29.1 करोड़ रुपये
आरसीबी- 40.75 करोड़ रुपये
आरआर- 14.5 करोड़ रुपये
एसआरएच- 34 करोड़ रुपये

# नाथन लियोन ने बनाया रिकार्ड

## 500 विकेट लेने वाले दुनिया के आठवें गेंदबाज बने

**पर्थ,18 दिसम्बर 2023।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर नाथन लियोन 500 टेस्ट विकेट तक लेने वाले दुनिया के आठवें गेंदबाज और तीसरे ऑस्ट्रेलियाई बन गए हैं।



लियोन ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट के चौथे दिन फहीम अशरफ को पगबाधा आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। वह इस साल की शुरुआत में एशेज के दौरान पिंडली की चोट के कारण 496 विकेट पर रुक गए थे, लेकिन उन्होंने ऑप्टस स्टेडियम में अपना अच्छा रिकॉर्ड जारी रखा। उन्होंने पाकिस्तान की पहली पारी में अब्दुल्ला शफीक, इमाम-उल-हक और आमेर जमाल को आउट कर 499 विकेट अपने नाम किए। इसके बाद उन्होंने फहीम अशरफ को पगबाधा आउट कर अपना 500वां विकेट पूरा किया और दूसरी पारी में आमेर जमाल को आउट कर अपना 501वां विकेट भी हासिल कर लिया। वह यह कारनामा करने वाले तीसरे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज है। पहले स्थान पर पूर्व दिग्गज स्पिनर शेन वॉर्न का नाम आता है। वॉर्न के नाम 145 टेस्ट की 273 पारियों में 708 विकेट दर्ज हैं। दूसरे स्थान पर पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने 124 मैचों की 243 पारियों में 563 विकेट लिये है। लियोन 501 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर है। श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन 800 विकेटों के साथ शीर्ष पर है। उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई शेन वॉर्न 708 विकेट,इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन 690 विकेट, भारत अनिल कुंबले के 619, इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड 604 विकेट, ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैकग्रा 563 विकेट, वेस्टइंडीज के कर्टनी वॉल्श 519 विकेट, ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन 501 विकेट, भारत के रविचंद्रन अश्विन 489, दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन 439 विकेट दसवें स्थान है।

# भारतीय शतरंज खिलाड़ियों ने सिंगापुर चैम्पियनशिप में जीते स्वर्ण,रजत,कांस्य



**नई दिल्ली,18 दिसम्बर 2023।** शतरंज की पूरी दुनिया में गूंजने वाली एक अभूतपूर्व जीत में, दक्षिण मुंबई शतरंज अकादमी (एसएमसीए) के तहत निखारी गई मुंबई की असाधारण युवा प्रतिभाओं ने सिंगापुर शतरंज चैंपियनशिप में जीत हासिल की है।

सिंगापुर शतरंज महासंघ द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित वार्षिक शतरंज प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी गई, जिसमें 14 देशों के लगभग 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

अहान कटारुका एक निर्विवाद चैंपियन के रूप में उभरे, जिन्होंने कड़े मुकाबले वाले अंडर-8 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। अहान की असाधारण उपलब्धि, जिसने 7 मैचों में 7 जीत का एक आदर्श रिकॉर्ड बनाया, उसने अद्वितीय रणनीतिक कौशल, असाधारण गणना और एक फोटोग्राफिक मेमोरी का प्रदर्शन किया। फायदे को सटीक, विजयी स्थिति में बदलने की उनकी कुशलता ने उन्हें वैश्विक शतरंज मंच पर एक प्रमुख शक्ति के रूप में मजबूती से स्थापित किया है।

बेजोड़ संयम और रणनीतिक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए, नोवा जुयाल ने 7 में से 6 अंक अर्जित करते हुए अंडर-8 वर्ग में उल्लेखनीय रजत पदक हासिल किया। नोवा के शांत आचरण और सामरिक कुशलता ने शतरंज प्रतिभाओं के लिए प्रजनन स्थल के रूप में एसएमसीए की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया।

अंडर-12 वर्ग में भारत के लिए एक और जीत देखी गई जब आश्रिता गुत्तुला ने कांस्य पदक जीता। आश्रिता के अटूट फोकस और अनुकरणीय एंडगेम कौशल ने एसएमसीए में विकसित गहन प्रतिभा को रेखांकित किया, जिससे अंतरराष्ट्रीय शतरंज में भारत की सफलता की कहानी में एक और अध्याय जुड़ गया।

# ऑस्ट्रेलिया ने घोषित की पाकिस्तान के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए 13 खिलाड़ियों की टीम

**पर्थ, 18 दिसम्बर 2023 ।** ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की श्रृंखला में एक स्थान से आगे होने के बाद मेलबर्न में पाकिस्तान के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए अपनी 13 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की।



विश्व टेस्ट चैंपियनशिप धारकों ने पर्थ में 360 रनों की प्रचंड जीत के साथ अपनी टीम को कमजोर करने की इच्छा के खिलाफ जाने का फैसला किया है। इस बार ऑस्ट्रेलिया ने 14 खिलाड़ियों की टीम घोषित करने के बजाय एक खिलाड़ी को छोड़ने का फैसला किया। अनकैप्ड स्पीडस्टर लांस मॉरिस घरेलू कर्तव्यों पर लौटने के लिए टीम से बाहर हो गए।

उनकी अनुपस्थिति में, मिशेल स्टार्क, जोश हेज़लवुड और कप्तान पैट कमिंस की अनुभवी तेज गेंदबाजी तिकड़ी के आक्रमण का नेतृत्व करने की संभावना है, जबकि स्कॉट बोलैंड की उपस्थिति एक और विकल्प जोड़ सकती है, अगर ऑस्ट्रेलिया अपनी अंतिम एकादश में बदलाव करने का फैसला करता है। युवा ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन एक अन्य खिलाड़ी हैं जो अंतिम एकादश में शामिल होने की दौड़ में हैं, लेकिन कप्तान पैट कमिंस को लगता है कि टीम में किसी भी बदलाव के लिए दबाव डालना मुश्किल है।

मुझे नहीं लगता कि चोटें कोई मुद्दा बनने जा रही हैं, इसलिए मैं यह कहने का साहस कर सकता हूं कि इस स्तर पर यह काफी समान लाइन-अप होगा। मुझे लगता है कि (पर्थ में जीत) के बाद सभी गेंदबाज काफी तरोताजा हैं। यह मूल रूप से है गर्मियों की आदर्श शुरुआत, ÷आईसीसी के हवाले से कमिंस ने बॉक्सिंग डे टेस्ट (26 दिसंबर) में खेलने वाली एकादश के बारे में कहा।

पहले टेस्ट के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए एकमात्र चिंता स्टार बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन की चोट थी। पहले टेस्ट के तीसरे दिन, पाकिस्तान के नवोदित खिलाड़ी खुर्रम शहजाद ने दाएं हाथ के बल्लेबाज के दाहिने हाथ की उंगली पर पीछे की ओर गेंद मारी, जो काफी दूर तक उछल गई। लाबुशेन ने तुरंत चिकित्सा सहायता मांगी लेकिन कुछ मिनटों के बाद बल्लेबाजी के लिए लौट आए।लेकिन उम्मीद है कि वह 26 दिसंबर को होने वाले दूसरे टेस्ट मैच तक फिट हो जाएंगे।

पहले टेस्ट के बाद विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में बदलावों की बात करें तो, ऑस्ट्रेलिया वर्तमान में 41.67 जीत-हार प्रतिशत के साथ डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में पांचवें स्थान पर है, जबकि पाकिस्तान 66.67 प्रतिशत के साथ भारत के साथ शीर्ष पर है।

ऑस्ट्रेलिया टीम÷ पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिच मार्श, स्टीव स्मिथ, मिच स्टार्क, डेविड वार्नर।

## मुंबई खिलाड़ियों ने अल्टीमेट खो खो सीजन 2 के लिए
# अनिकेत पोटे को कप्तान बनाया



**भुवनेश्वर, 18 दिसम्बर 2023।** मुंबई खिलाड़ियों ने मुंबई के लड़के अनिकेत पोटे को अल्टीमेट खो खो के दूसरे संस्करण के लिए कप्तान घोषित किया, जो 24 दिसंबर से 14 जनवरी 2024 तक कटक, ओडिशा में खेला जाएगा।

26 वर्षीय ऑलराउंडर/हमलावर खो खो सर्किट के सबसे प्रतिष्ठित खिलाड़ियों में से एक है, जिसने इस साल की शुरुआत में एशियाई चैम्पियनशिप में अपने शानदार प्रदर्शन सहित भारत के लिए स्वर्ण पदक जीते हैं। सीज़न 1 में पोटे के प्रदर्शन ने उन्हें अल्टीमेट खो खो ड्रीम टीम में भी जगह सुनिश्चित कर दी है।

अनिकेत के नाम सीनियर नेशनल में आठ स्वर्ण और पांच रजत पदक हैं। वह मैट पर अपनी प्रतिबद्धता और समर्पण के लिए प्रसिद्ध हैं और मुंबई के खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण दल के रूप में काम करेंगे जिन्होंने इस साल एक युवा और गतिशील पक्ष में निवेश किया है।

कप्तान के चयन के बारे में बात करते हुए, भुवनेश्वर में घोषणा समारोह में उपस्थित टीम के मालिक पुनित बालन ने कहा, ÷सीजन 2 के लिए अनिकेत पोटे को हमारे कप्तान के रूप में चुनना एक रणनीतिक विकल्प था। पहले संस्करण में उनके असाधारण प्रदर्शन और जिस तरह से उन्होंने मैट पर नेतृत्व गुणों का प्रदर्शन किया, उसने उन्हें इस महत्वपूर्ण भूमिका के लिए स्वाभाविक पसंद बना दिया। एक स्थानीय लड़का होने के नाते वह मुंबई शहर की भावना को भी समझता है और हमें विश्वास है कि उसका अनुभव टीम को प्रेरित करेगा और हमें इस अत्यधिक प्रतिस्पर्धी सीज़न में सफलता की ओर ले जाएगा।

अपनी नई जिम्मेदारियों से उत्साहित नवनियुक्त कप्तान अनिकेत ने इस अवसर के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, ÷यह मेरे लिए एक अप्रत्याशित निर्णय था, लेकिन मैं इस अवसर को पाने के लिए वास्तव में आभारी हूं। मैं प्रबंधन के विश्वास को चुकाने और मुंबई खिलाड़ियों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा।

मुंबई खिलाड़ियों ने 27 वर्षीय डिफेंडर महेश शिंदे को टीम का उप-कप्तान भी नियुक्त किया है। महेश पिछले सीज़न के सर्वश्रेष्ठ रक्षकों में से एक थे, उनके नाम पर 15:33 मिनट का बचाव समय था।

बहुआयामी मुंबई खिलाड़ियों में सीजन 2 में 13 ऑलराउंडर शामिल होंगे। श्रीजेश एस के शामिल होने से टीम आगामी संस्करण में मजबूत दिखती है, जो सीजन 1 के शीर्ष पांच रक्षकों में से एक थे, जिन्होंने मैट पर 17 मिनट, 35 सेकंड का डिफेंस टाइम दिया था। . उन्होंने खेल टीम में अधिक ऊर्जा, जोश और गति जोड़ने के लिए 16 वर्षीय सुनील पात्रा के साथ सीजन एक के विजेता ऑलराउंडर सुभासिस संतरा को भी अपने साथ जोड़ा है।

टीम वर्तमान में कोच विकास सूर्यवंशी की निगरानी में बीजू पटनायक इंडोर स्टेडियम, केआईआईटी परिसर, भुवनेश्वर, ओडिशा में प्रशिक्षण ले रही है, और सीजन शुरू होने से पहले अपने कौशल को निखार रही है।

# आईपीएल नीलामी को लेकर बेताब जीटी के विक्रम सोलंकी

**दुबई,18 दिसम्बर 2023।** दुबई में 19 दिसंबर को होने वाली आईपीएल नीलामी से पहले, गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने टीम के थिंक-टैंक के बीच उत्साह व्यक्त किया, जिसका लक्ष्य अपनी टीम को आगे बढ़ाने के लिए आठ खाली महत्वपूर्ण स्लॉट भरना है।

आईपीएल 2022 के विजेता गुजरात को 38.15 करोड़ रुपये के पर्स के साथ आठ स्लॉट भरने हैं, जिनमें से दो विदेशी हैं।

उनका लक्ष्य मुंबई इंडियंस के लिए हार्दिक पांड्या के ट्रेड द्वारा छोड़ी गई कमी को भरना होगा। एक बल्लेबाजी ऑलराउंडर की जो कुछ गेंदबाजी ओवरों में योगदान दे सकता है। उन्हें एक विदेशी तेज़ गेंदबाज़ और एक भारतीय विकेट कीपिंग विकल्प की भी आवश्यकता है।



नीलामी को लेकर वास्तव में उत्साहित हूं। मुझे यकीन है कि सभी टीमें हमारी तरह ही उत्साहित होंगी। जहां तक हम किसके पक्ष में जाने की संभावना रखते हैं, हमें कुछ बड़े निर्णय लेने हैं। लेकिन यह एक छोटी नीलामी है और मुझे 'छोटी नीलामी' शब्द पसंद नहीं है क्योंकि इसमें कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने हैं।हमारे पास भरने के लिए आठ स्थान हैं और वे हमारे लिए महत्वपूर्ण स्थान होंगे, इसलिए हम इसे लेकर वास्तव में उत्साहित हैं। हम इस पर बिल्कुल उसी तरह आगे बढ़ेंगे जैसे हम पहली दो नीलामियों में आगे बढ़े थे। फ्रेंचाइजी द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में सोलंकी ने कहा, हमने अब तक चर्चा जारी रखी है और नीलामी तक जारी रहेगी।

2024 सीज़न से गुजरात का नेतृत्व शुभमन गिल करेंगे और सोलंकी ने कहा कि टीम प्रबंधन उनके नेतृत्व कौशल को विकसित करने के लिए उन्हें आवश्यक समर्थन देगा। शुभमन गिल के कप्तान बनने को लेकर वास्तव में उत्साहित हूं, वह एक शानदार क्रिकेटर हैं। किसी भी चरण में उनका प्रदर्शन एक क्रिकेटर के रूप में उनके बारे में बहुत कुछ बताता है। यह उनके लिए वास्तव में दिलचस्प समय है क्योंकि यह उनके नेतृत्व की भूमिका में आगे बढ़ने के बारे में है।

उनकी पहले भी नेतृत्वकारी भूमिका रही है, केवल इस तथ्य से कि उनका व्यक्तित्व एक विचारशील क्रिकेटर का है। यदि वह ऐसा नहीं करता तो वह आज जितना सफल नहीं होता, लेकिन अब यह टीम की कप्तानी करने के लिए अपने नेतृत्व कौशल को विकसित करने के बारे में है।

# आदिवी शेष ने एक्शन ड्रामा से शेयर किए श्रुति हासन के पोस्टर



एक्टर अदिवी शेष ने अपकमिंग एक्शन ड्रामा से लीडिंग लेडी के कैरेक्टर पोस्टर का अनावरण किया।

लेटेस्ट पोस्टर में, श्रुति का आकर्षक लुक नजर आ रहा है। वह गुस्सा जाहिर करती हुई नजर आ रही हैं, और इंटेंस इमोशन के साथ फ्रेम में हैं।अदिवी शेष ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपने को-स्टार का लुक शेयर किया और लिखाः श्रुति हासन के साथ काम करने को लेकर बेहद गौरवान्वित और उत्साहित हूं।खूबसूरत दिल...खूबसूरत आत्मा...कुछ जादुई और अराजक केमिस्ट्री का इंतजार है।

एक्टर आदिवी शेष के कैरेक्टर पोस्टर के बाद नया पोस्टर फिल्म की दूसरी विजुअल एसेट्स हैं, जिसे श्रुति ने पेश किया था। फिल्म निर्माताओं ने खुलासा किया है कि फिल्म का शीर्षक 18 दिसंबर को सामने आएगा।यह प्रोजेक्ट, जिसे हिंदी और तेलुगु में शूट किया जाएगा, सुप्रिया यारलागड्डा द्वारा निर्मित, अन्नपूर्णा स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत और शेनिल देव द्वारा निर्देशित है।

यह फिल्म शेनिल के फीचर निर्देशन की पहली फिल्म होगी, जो पहले क्षणम और गुडाचारी सहित कई तेलुगु ब्लॉकबस्टर्स के लिए फोटोग्राफी के निदेशक के रूप में काम कर चुके हैं, जिन्हें अदिवी शेष ने हेडलाइन किया था।उन्होंने कम उम्र की प्रशंसित फिल्म लैला का भी निर्देशन किया, जिसे आधिकारिक तौर पर कान्स फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया था।

# ईरानी मॉडल और डांसर हैं तन्नाज दावोदी एनिमल में जमाल कुडू गाने में दिखने वाली हसीना



जमाल कुडू गाने में जहां बॉबी देओल ने अपने अंदाज से खूब लाइमलाइट बंटोरी तो वहीं खूबसूरत सी स्माइल वाली इस लड़की के चर्चे भी खूब हो रहे हैं. चलिए बताते हैं ये लड़की कौन है और इस गाने ने कैसे उनकी जिंदगी बदलकर रख दी। एनिमल फिल्म ही नहीं बल्कि इसके गाने भी इस वक्त खूब चर्चा में हैं और सबसे ज्यादा सुर्खियों में छाया है बॉबी देओल की एंट्री वाला गाना 'जमाल कुडू'। गाना काफी यूनिक है और उससे भी यूनिक है बॉबी देओल का इसमें डांस। लेकिन इस गाने में को गाती हुई लड़की भी इस वक्त खूब लाइमलाइट में है। गाने जमाल कुडू से वायरल हुई इस लड़की का नाम है तन्नाज दावोदी। जो ईरान की मॉडल और एक डांसर हैं. महज 26 साल की तन्नाज यूं तो पहले भी कई गानों और सेलेब्स के साथ परफॉर्म करती दिख चुकी हैं लेकिन जमाल कुडू ने उन्हें रातों रात फेमस कर दिया है। अब हर जगह इनके चर्चे भी खूब हो रहे हैं. वरुण धवन, नोरा फतेही, जॉन अब्राहम से लेकर सनी लियोन तक के साथ तन्नाज ने स्टेज शेयर किया है वो अक्सर इनके साथ बैकग्राउंड डांसर के तौर पर नजर आई हैं। लेकिन एक गाने ने उनकी किस्मत ही बदलकर रख दी है। तन्नाज गाने में भी एक सिंगर के तौर पर दिख रही हैं जो जमाल कुडू गाना गा रही हैं। ये गाना एनिमल फिल्म में बॉबी देओल की तीसरी शादी के दौरान बजता है और ये ही एक्टर की एंट्री सीन है। वहीं जब से ये गाना यूट्यूब पर आया है तब से तन्नाज की फैन फोलोइंग भी काफी तेजी से बढ़ चुकी है। इंस्टाग्राम पर तेजी से तन्नाज दावोदी के फोलोअर्स बढ़े हैं। रिपोर्ट्स की माने तो एनिमल फिल्म का ये गाना रिलीज होने से पहले तन्नाज के मुश्किल से 10 हजार फोलोअर्स थे 2 हफ्तों के भीतर उनके इंस्टाग्राम फोलोअर्स की संख्या 2.6 लाख तक पहुंच गई है। इस एक गाने की बदौलत आज तन्नाज दावोदी जो अब तक खूब मेहनत करने के बावजूद गुमनामी में गुम थीं वो रातों रात किसी स्टार से कम नहीं रहीं। अब उन्हें जमाल कुडू गर्ल के नाम से जाना जा रहा है।

# फिल्म बघीरा का धांसू टीजर जारी


होमबेल फिल्म्स, भारतीय फ़िल्म इंडस्ट्री में सबसे अच्छे कंटेंट निर्माता में से एक है। उन्होंने फैंस और दर्शकों को केजीएफ चैप्टर 1 और 2, और वैश्विक सन्सेशन कंटारा जैसे विविध कंटेंट के साथ एंटरटेन किया है। ऐसे में अब वे अपने अगले सबसे बड़े बड़े प्रोजेक्ट, सालार पार्ट 1: सीजफायर के रिलीज के लिए तैयार हैं, जिसमें प्रभास मुख्य भूमिका में हैं और प्रशांत नील ने इसे निर्देशित किया है। यह फिल्म 22 दिसंबर 2023 को रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म के शानदार रिलीज से पहले, प्रोडक्शन हाउस ने अपने फिल्मोग्राफी के खजाने से एक और रोमांचक प्रोजेक्ट के टीजर से पर्दा उठाया है और उन्होंने अपने अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट बघीरा का टीज़र लॉन्च किया है।




मुख्य अभिनेता श्री मुरली के जन्मदिन के इस अवसर पर,होमबेल फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर जाकर बघीरा के एक मिनट 26 सेकंड लंबे एक्शन-पैक्ड टीजर को रिलीज किया, जो फिल्म की दुनिया की एक दृष्टि प्रदान करता है और भी उस फिल्म के भव्य और रोमांचक ड्रामे का परिचय कराता है। होमबेल फिल्म्स के अलावा, बघीरा को और भी रोमांचित बनाने वाली एक बात यह है कि फिल्म का लेखन केजीएफ चैप्टर 1 और 2 और जल्द ही रिलीज होने वाली सालार पार्ट वन सीज़फायर के निर्देशक प्रशांत नील ने किया है।

होम्बले फिल्म्स ने टीजर शेयर करते हुए लिखा,आप सभी के लिए पेश है बघीरा टीजर...सालार पार्ट वन सीज़फायर के बारे में बात करें तो एक्शन से भरपूर ड्रामा में प्रभास,पृथ्वीराज सुकुमारन, श्रुति हासन और जगपति बाबू हैं और इसका निर्देशन प्रशांत नील ने किया है। फिल्म का निर्माण विजय किरागांदुर ने किया है और यह 22 दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# विष्णुदेव साय के कैबिनेट का विस्तार आज



» 8 मंत्रियों के शपथ ग्रहण की तैयारी

**रायपुर,18 दिसम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल के विस्तार की तैयारी शुरू हो गई है। आज शाम को 8 मंत्री शपथ ले सकते हैं। आज से ही विधानसभा का सत्र शुरू हो रहा है। नवनिर्वाचित विधायक कल ही विधानसभा की सदस्यता की शपथ लेंगे। इसके बाद शाम को मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह होगा। इसके लिए रायपुर के इंडोर स्टेडियम में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी शुरू हो गई है।

### रायपुर के इंडोर स्टेडियम में शपथ ग्रहण की तैयारी

बताया जा रहा है कि इस बार करीब 8 मंत्री कैबिनेट में शामिल होगें। सीएम और दो डिप्टी सीएम सहित कुल 11 लोगों का कैबिनेट हो जाएगा। इसके बाद 2 और मंत्रियों का पद खाली रहेगा। सूत्रों के अनुसार मंत्री के ये दोनों पद लोकसभा चुनाव के बाद भरे जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल में शामिल होने वालों में पहला नाम ओपी चौधरी का है। पूर्व आईएएस चौधरी रायगढ़ सीट से चुनाव जीते हैं। इसके अलावा चुनाव जीतकर पहुंचे दूसरे आईएएस नीलकंठ टेकाम को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने को लेकर अभी संशय बना हुआ है।

मंत्री के रुप में जिन नामों को फाइनल माना जा रहा है उनमें रायपुर दक्षिण सीट से आठवीं बार के विधायक बृजमोहन अग्रवाल का नाम भी शामिल हैं। बस्तर संभाग ने दो मंत्री बनाए जा सकते हैं। इनमें नीलकंठ टेकाम के साथ केदार कश्यप, लता उसेंडी और किरण देव का नाम चर्चा में हैं। रायपुर संभाग से बृजमोहन के साथ अजय चंद्राकर और एससी कोटे से गुरु खुशवंत साहेब का नाम आगे चल रहा है। सरगुजा संभाग से रामविचार नेताम, रेणुका सिंह और गोमती साय का नाम शामिल है। बिलासपुर संभाग से अमर अग्रवाल और धरलाल कौशिक को मंत्री बनाए जाने की चर्चा है।

इस बीच एक खबर और आ रही है। वह यह है कि सीएम विष्णुदेव साय 22 दिसंबर को फिर से दिल्ली जाने वाले हैं। ऐसे में आज शपथ ग्रहण समारोह होने पर कुछ लोग संदेह जता रहे हैं, लेकिन इंडोर स्टेडियम में इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है।

इधर, आज सुबह दिल्ली से लौटे सीएम साय ने एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि दिल्ली में राष्ट्रीय नेताओं से मुलाकात हुई है। शीघ्र ही मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा। मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले चेहरों को लेकर पूछे गए प्रश्न पर साय ने बताया कि मंत्रिमंडल में नए और पुराने दोनों चेहरे होंगे।मंत्रिमंडल नए-पुराने चेहरे मिल जुलाकर रहेगा। विधानसभा सत्र से पहले मंत्रिमंडल के विस्तार के सवाल पर साय ने कहा कि थोड़ा इंतजार करें जल्द हो जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने कहा,दो साल के बोनस के साथ होगी 31 सौ में धान खरीदी

**रायपुर,18 दिसम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करने में राज्य सरकार कोई कमी नहीं करेगी। श्री मोदी की गारंटी को हम पूरा करेंगे। मंत्रिमंडल की बैठक में निर्णय लिया गया है कि राज्य में 18 लाख लोगों को आवास मिलेगा। श्री मोदी के गारंटी के अनुरूप 3100 रुपये प्रति क्विंटल और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी करेंगे। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबर सुशासन दिवस के अवसर पर किसानों को दो साल के धान के बोनस की बकाया राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कोरोना के समय भी देश के नागरिकों की रक्षा की। हमारे देश में कोविड के दो टीके विकसित किए गए और इसके 200 करोड़ से अधिक डोज बनाए गए। ये टीके



देशवासियों को लगाए गए और 100 से अधिक देशों को भी भेजे गए। प्रधानमंत्री ने गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि 2028 तक बढ़ाई गई है। गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को पांच किलो अतिरिक्त चावल प्रदान किया जा रहा है। मोदी की गारंटी में हर वर्ग के लिए चिंता है। हर वर्ग के सरोकार हैं। मैं मुख्यमंत्री के नाते आश्वस्त करना चाहता हूं कि मोदी की गारंटी पूरी होंगी।

## विधानसभा के बाद लोकसभा चुनाव जीतने की तैयारी में जुटी भाजपा

**रायपुर,18 दिसम्बर 2023(ए)।** भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्री के शपथ के बाद अब मंत्रियों के शपथ की तैयारियों के बीच खबर है कि मिशन 2024 के लिए भाजपा अभी से काम करना शुरू कर दी है।



विधानसभा चुनाव में पूरे प्रदेश में शानदार जीत हासिल करने के बाद भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर काफी उत्साहित है। भाजपा हर हाल में प्रदेश की 11 सीटों को फिर से जीतने के लिए पसीना बहना शुरू कर दी है। लिहाजा लोकसभा चुनाव को लेकर बैठकें शुरु हो गई हैं।

खास बात ये है कि इस बार सांसद गोमती साय पत्थलगांव विधानसभा से विधायक बन चुकी हैं ऐसे में भाजपा किसी नए चेहरे की तलाश कर रही है। इधर कांग्रेस भी इस सीट पर जीत के लिए जद्दोजहद कर रही है।विधानसभा चुनाव में रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र की आठ में से चार सीटें जीतने के बाद भाजपा का उत्साह चरम पर है। भाजपा अब लोकसभा सीट भी हर हाल में जीतना चाह रही है। रायगढ़ लोकसभा सीट में पिछले चार चुनावों से लगातार भाजपा जीत दर्ज करती आई है।ऐसे में इस चुनाव में भी भाजपा जीत को लेकर उत्साहित है। चूंकि इस चुनाव में भाजपा ने सांसद गोमती साय को विधानसभा चुनाव लड़ाया है और वे कुनकुरी सीट से जीतकर विधायक भी बन गई हैं ऐसे में भाजपा को इस सीट पर नए चेहरे की तलाश है। हालांकि भाजपा इस बात को खुलकर कहने से कतरा रही है लेकिन भाजपा का कहना है कि पार्टी के पास कद्दावर चेहरों की कमी नहीं हैं। इस बार भी भाजपा जीत का परचम लहराएगी।

## डिप्टी सीएम अरुण साव मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर किया चौंकाने वाला खुलासा



**रायपुर,18 दिसम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में लौटी है। जिस तरह से चुनाव परिणाम प्रदेश के लोगों को चौंकाने वाली थी, उसी तरह मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री के नाम भी चौंकाने वाले रहे। अब एक बार फिर मंत्रिमंडल के नामों को लेकर सस्पेंस बना हुआ है।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव दिल्ली से लौटे। रायपुर एयरपोर्ट में अरुण साव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा हमारी यह प्राथमिकता है कि छत्तीसगढ़ की जनता ने जिस विश्वास के साथ भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक बहुमत दिया है, हम छत्तीसगढ़ की जनता की इच्छा और आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए काम करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी जनता तक पहुंचे इसके लिए काम करेंगे।

## सीएम ने आधे घंटे के अंदर एंबुलेंस जरूरतमंद तक पहुंचाने दिया आदेश

**रायपुर,18 दिसम्बर 2023(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा लिए स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को चुस्त दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। इसमें उन्होंने आपतकालीन एम्बुलेंस सेवा 108 व 102 का जिक्र कर 30 मिनट के रिस्पांस टाइम में घटना स्थल पर पहुँचने की बात की। मगर इस आदेश के पालन में कई अड़चनें हैं।

इस संदर्भ में जब टीआरपी ने पड़ताल की तो यह बात निकलकर आ रही है कि बढ़ते हादसों और आबादी के हिसाब से एम्बुलेंस की संख्या नाकाफ़ी है। वर्तमान में 108 संजीवनी एक्सप्रेस की कुल संख्या 300 है। जबकि गाड़ियों की संख्या बढ़ाये जाने की अत्यंत आवश्यकता है।




### घायलों,मरीजों के लिए केवल 300 जबकि महतारी में 380 एम्बुलेंस

एक ओर जहां गर्भवती महिलाओं के लिए महतारी एक्सप्रेस के रूप में 380 एम्बुलेंस है। वहीं पूरे छत्तीसगढ़ में आपातकालीन के लिए महज 300 एम्बुलेंस मात्र बस है। यहां पर गौर करने वाली बात यह है कि 108 संजीवनी एक्सप्रेस आपतकालीन सेवा की 100 प्रतिशत केस को हैंडल करने के साथ ही अधिकांश मामलों में गर्भवती महिलाओं को भी सेवा दे रही है। खास यह है कि 380 नई एम्बुलेंस होने के बावजूद अब 102 के नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश जैन द्वारा गर्भवती महिलाओं को हॉस्पिटल से हायर सेंटर रिफर करने के लिए नया आदेश जारी कर दिया गया है। जबकि पूर्व में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को यह सेवा 102 द्वारा दिया जा रहा था। जिसके चलते 108 एम्बुलेंस के रिस्पॉस टाइम में असर पड़ रहा है।

### हायर सेंटर रिफर करने में हो रहा है अधिकांश एम्बुलेंस का इस्तेमाल

108 संजीवनी एक्सप्रेस का उपयोग घायलों और मरीजों को सेवा देने के साथ ही बड़ी संख्या में हॉस्पिटल आने वाले घायलों और मरीजों को हायर सेंटर रिफर करने में भी किया जा रहा है। एम्बुलेंस रिफर केस में बिजी होने के कारण दूसरी दूसरी लोकेशन से एम्बुलेंस मंगानी पड़ती है, जिसके चलते अधिक समय लगता है।

### एम्बुलेंस बढ़ाने का अनुरोध कर चुके हैं संचालक

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 108 संजीवनी एक्सप्रेस का संचालन करने वाली संस्था बढ़ते केसेस को देखते हुए डेटा के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के समक्ष 10 से अधिक बार एम्बुलेंस बढ़ाने के लिए अनुरोध कर चुकी है। लेकिन गाड़ियां बढ़ाने के बजाए फ़ाइल केवल अधिकारियों के टेबल में ही घूमती रही। वहीं कई बार जिला एवं ब्लॉक स्तर पर भी सीएमएचओ द्वारा भी स्वास्थ्य विभाग को आपातकालीन सेवा की बढ़ती आवश्यकताओं को देखते हुए स्वयं भी एम्बुलेंस बढ़ाने के लिए पत्राचार किया जा चुका है, किन्तु विभाग द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

## सीएम विष्णुदेव साय ने बाबा गुरु घासीदास की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

» राज्य की खुशहाली व समृद्धि के लिए लिया आशीर्वाद

**बिलासपुर,18 दिसम्बर 2023(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरु बाबा की जयंती पर गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित बाबा घासीदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सादर नमन किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए गुरु बाबा से आशीर्वाद लिया।



संत गुरु घासीदास जयंती पर सेंट्रल यूनिवर्सिटी में आयोजित गुरु घासीदास जयंती एवम कुल उत्सव 2023 में शामिल होने पहुंचे मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की यह धरती संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जन्मस्थली है। उन्होंने भारत समेत पूरे विश्व को समरसता का संदेश दिया उनके उपदेश को अंगीकार करें तभी इसकी सार्थकता है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक एवं स्वालंबन का काम जो हो रहा है वह अनुकरणीय है बाबा के नाम से स्थापित विश्व विद्यालय और तरक्की करें जो भी कमियां है उसके लिए शासन को आवेदन दे, और भी अच्छा करने का प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खनिज समेत सभी संसाधन प्रचुर मात्रा में है नियत और नियति साफ होना चाहिए। जनता के सहयोग से छत्तीसगढ़ को देश का सबसे समृद्ध प्रदेश बनाने का प्रयास करेंगे।मुख्यमंत्री ने उन्होंने छत्तीसगढ़ की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए गुरु बाबा से आशीर्वाद लिया। उसके बाद विश्विद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित कुल कार्यक्रम में सभा को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद साय का किसी शैक्षणिक संस्थान में पहला दौरा था, जिससे छात्र-छात्राओं में अभूतपूर्व उत्साह था। प्रतिमा स्थल पर छात्रों ने पंथी नृत्य से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्वागत किया।

## तीन दिन में सीज किए 15 करोड़ नगद और 3 लॉकर

» कागजात और कैश भी बरामद

» 1300 करोड़ से ज्यादा की गड़बड़ी की आशंका

**रायपुर,18 दिसम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयकर छापे के तीसरे दिन 7 ठिकानों पर चल रही कार्रवाई खत्म हो चुकी है। वहीं 43 ठिकानों पर अभी भी जांच जारी है। आयकर विभाग ने 3 बैंक लॉकर को सीज कर लिया है. बाकी बैंक लॉकर्स में भारी मात्रा में जमीन के कागजात, कैश समेत जेवर बरामद किया गया है। आयकर की छापेमारी में अब तक 15 करोड़ रुपये नगद बरामद किया गया है। इसके अलावा जांच दायरे में आए 18 प्रतिष्ठानों के संचालकों में से 3 संचालकों ने कर चोरी करने को स्वीकारा है। आयकर विभाग की 10 सदस्यीय अहमदाबाद से आई साइबर टीमें डिलीट मैसेज रिकवर करने में जुटी है. सोमवार की सुबह तक कई ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई जारी है। आयकर विभाग के सूत्रों से जानकारी मिली है कि अफसरो को आशंका है कि कारोबारियों ने पिछले तीन सालों में 1300 करोड़ रुपये से ज्यादा के लेन-देन में गड़बड़ी कर टैक्स चोरी की घटना को अंजाम दिया है। ये आकड़े अभी



और बढ़ सकते हैं। कारोबारियों ने कितने की टैक्स चोरी की है इसका सही आकलन जांच के बाद ही पता चलेगा। बताया जा रहा है कि दाल, और कोल्ड स्टोरेज का पूरा कारोबार कच्चे लेन-देन में होता रहा है बता दें कि राजधानी में समता शॉपिंग आर्केड, तेलघानी नाका चौक, सिलतरा, कुशालपुर में टीमों की जांच चल रही है। समता शॉपिंग आर्केड स्थित केके एग्रो ट्रेड वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड, तेलघानी चौक स्थित दाल कारोबारी एम/एस सूरज पल्सेस, सिलतरा स्थित राजेश्वरी कोल्ड स्टोरेज के ठिकानों पर रेड जारी है।

## इनके नेताओं ने जेब भरा,पार्टी खाली कर दी

**रायपुर,18 दिसम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस की हार के बाद पार्टी में लगातार इस्तीफों और आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। कांग्रेस पार्टी में हर दिन पूर्व विधायक और चुनाव लड़ चुके प्रत्याशियों के इस्तीफे सामने आ रहे हैं। लगातार आ रहे इस्तीफों को लेकर पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने तंज कसा है और कहा कि, कांग्रेस में भगदड़ मची हुई है। कांग्रेस नेताओं के लगातार पार्टी इस्तीफा को लेकर मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, मुझे लगता है कांग्रेस में भगदड़ मची हुई है। कांग्रेस ने सत्ता के लिए राज किया है, सेवा के लिए नहीं। कांग्रेसी परेशान है और हलकान है उनके विधायक और पूर्व विधायकों को लग रहा है कि, अब सरकार नहीं है तो हमारा जीवन कैसे चलेगा और इसलिए वह कांग्रेस से भाग रहे हैं।



## 250 लोगों ने किया सीएम का सम्मान

**रायपुर,18 दिसम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कंवर समाज के लोगो ने सीएम साय को गजमाला पहनाकर सम्मानित और समारोह में आमंत्रित किया



रायपुर। सीएम विष्णु देव साय से राज्य अतिथि गृह पहुंना में छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग 18 जिलो से आये कंवर समाज के लगभग 250 से अधिक जिला प्रतिनिधियों के साथ महिला वर्ग, युवा वर्ग सहित सामाजिक लोगो ने प्रदेश अध्यक्ष हरवंश मिरी के नेतृत्व में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान कंवर समाज द्वारा ष्टरू साय को गजमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।कंवर समाज के गौरव, तत्कालीन जशपुर रियासत के बंदरचुआ जमींदारी के पूर्व जमींदार किसान और माटी पुत्र मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बधाई एवं शुभकामनायें दी गई। मुलाकात के दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री मिरी ने कंवर समाज द्वारा आगामी दिनों में मुख्यमंत्री के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें ससम्मान आमंत्रित किया, इस पर मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आश्वस्त किया।

## 10 नक्सली हुए गिरफ्तार



मोती ओयाम (सीएनएम सदस्य) | कारू कड़ती (डीएकेएमएस सदस्य) | छोटू हेमला (डीएकेएमएस सदस्य) | राजेश कड़ती (मिलिशिया सदस्य) | सोमारू ओयाम (मिलिशिया सदस्य)
सुनिल माड़वी (मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर) | माड़का लेकाम (मिलिशिया सदस्य) | आयतु मड़काम (सीएनएम सदस्य) | कोया हेमला (डीएकेएमएस सदस्य) | बचलू मड़काम (मिलिशिया सदस्य)

**दंतेवाड़ा,18 दिसम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिलों में नक्सलियों का आतंक लगातार जारी है। इसी बीच दंतेवाड़ा जिला में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दंतेवाड़ा से 10 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, नक्सली किसी बड़े हमले की साजिश रच रहे थे। तभी डीआरजी के जवानों ने बेचापाल के जंगल 10 नक्सली को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि सभी नक्सली वाहनो की आगजनी घटना में शामिल थे।

वनांचल क्षेत्र में नक्सलियों का आतंक खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन नक्सली ग्रामीण व जवानों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश में रहते है और किसी बड़े घटना को अंजाम देने की साजिश करते है।

## कांग्रेस की पांच सदस्यीय टीम पहुंची मृतक के घर

### पीसीसी को सौपेंगी रिपोर्ट

**जगदलपुर,18 दिसम्बर 2023 (ए)।** नारायणपुर जिले के कुकड़ाझोर गांव में बीते 12 दिसंबर को एक किसान के आत्महत्या करने के मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा गठित 5 सदस्यीय जांच टीम सोमवार को मृत किसान हीरु बढ़ई के घर पहुंची और यहां उनके परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। साथ ही परिजनों के साथ-साथ गांव वाले के भी बयान दर्ज किए. कांग्रेस की जांच टीम ने अपने प्रारंभिक जांच में पाया कि किसान ने सवा लाख रुपये के कर्ज नही चुका पाने के चलते कीटनाशक दवाई खाकर आत्महत्या कर ली।कुछ दिन बाद किसान के बड़े बेटे की शादी होनी थी ऐसे में उसके पास बैंक का कर्ज चुकाने के लिए पैसे नहीं थे। ऐसे में कुछ दिनों से वह परेशान चल रहा था. कर्ज नहीं चुका पाने के चलते किसान ने अपने खेत में कीटनाशक दवाई खाकर आत्महत्या कर ली। जांच समिति के सदस्यों का कहना है कि वह जल्द ही परिजनों और ग्रामीणों के बयान दर्ज करने के बाद एक रिपोर्ट बना कर पीसीसी को सौपेंगे।








प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)